राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

www.jagranmorchadaily@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 | अंक : 368 | लखनऊ | बुधवार, 25 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीईए की बैठक

# कैबिनेट ने 9,072 करोड़ की तीन रेल मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को रेल मंत्रालय की तीन महत्वपूर्ण मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 9,072 करोड़ रुपये है और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीईए की हुई बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में गोंदिया-जबलपुर दोहरीकरण, पुनारख-किऊल तीसरी एवं चौथी लाइन तथा गम्हरिया-चांडिल तीसरी एवं चौथी लाइन शामिल हैं। ये तीनों परियोजनाएं महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों को कवर करेंगी और इनके माध्यम से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 5,407 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जिनकी कुल आबादी करीब 98 लाख है। लाइन क्षमता में वृद्धि से परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ कम होगी। परियोजनाएं प्रधानमंत्री की 'न्यू इंडिया' की परिकल्पना के अनुरूप क्षेत्रीय विकास को गति देंगी और रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि कर स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगी। ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एकीकृत योजना और बहु-मोडल संपर्क को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, जिससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही सुगम होगी।



**कैबिनेट ने गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक अहमदाबाद मेट्रो विस्तार को दी मंजूरी, 1,067 करोड़ रुपये की परियोजना**

**केंद्र ने श्रीनगर एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल बनाने की मंजूरी दी**

**2026-27 सीजन के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी**

### कैबिनेट : पावर ग्रिड सहायक कंपनियों में कर सकेगी ज्यादा निवेश

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन को अपनी सहायक कंपनियों में निवेश करने की सीमा 5 हजार से बढ़ा कर 7.5 हजार करोड़ कर दी है। इस मंजूरी से पावरग्रिड को अपने मुख्य व्यवसाय में निवेश बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता के उपयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इससे गैर-जीवाश्म-आधारित स्रोतों से 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मंगलवार को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। इस मंजूरी से पावरग्रिड की प्रति सहायक कंपनी इक्विटी निवेश की अनुमति सीमा मौजूदा 5 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 7.5 हजार करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि कंपनी की कुल संपत्ति के 15 प्रतिशत की मौजूदा सीमा बनी रहेगी।
अब पावरग्रिड पूंजी-गहन ट्रांसमिशन परियोजनाओं, जैसे अल्ट्रा हाई वोल्टेज अल्टरनेटिंग करंट और हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट ट्रांसमिशन नेटवर्क के लिए बोलियों में भाग ले सकता है। इसके अतिरिक्त, यह महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन परियोजनाओं के लिए बोलीदाताओं के चयन हेतु टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा। इससे बेहतर मूल्य निर्धारण सुनिश्चित होगा और अंततः उपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ ऊर्ज़ा उपलब्ध हो सकेगी।

### 'संवाद सेतु' 25 फरवरी से गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जिलों से शुरू होगा

लखनऊ। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में 25 फरवरी (बुधवार) से 'संवाद सेतु' (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू की जाएगी। यह व्यवस्था पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जनपदों में शुरू होगी। इस संबंध में समयबद्ध तैयारियों को लेकर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मंगलवार को बताया कि तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं, जिससे योजना सुचारु रूप से लागू हो सके।

उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के अंतर्गत हर जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा। अगर किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे। कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक के लिए निर्देशित करेगा और संवाद सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था केवल कार्य दिवसों और कार्यालय समय में और सरकारी (सीयूजी) नंबरों पर लागू होगी।

### एआई समिट में कांग्रेस की 'नग्नता' देश विरोधी : ब्रजेश पाठक

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज कहा कि विगत दिनों दिल्ली में आयोजित एआई समिट में दुनिया भर के लोग एकत्रित हुए। इस वैश्विक आयोजन के विरोध में कांग्रेस इतना आगे बढ़ गयी कि उसने मर्यादा तोड़ कर समिट में 'नग्नता' का प्रदर्शन किया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि हम हर क्षेत्र में बेहतर करेंगे तो ही भारत आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया की जरूरत को देखते हुए एआई समिट किया। कांग्रेस को देश का आगे बढ़ना अच्छा नहीं लगता है। सत्ता के लिए कांग्रेस के राहुल गांधी और उनकी टीम देश के अंदर हो या बाहर भारत को अपमानित करने का हर प्रयास कर रहे हैं। वह भारत को शर्मसार करने की कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वह जो कर रहे हैं, वह देशद्रोह की श्रेणी में आता है। एआई समिट में नंगा नाच करना बहुत घटिया रास्ता है। विरोध के नाम पर कांग्रेस ने नग्नता का प्रदर्शन किया है। गांधी जी से लेकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस तक ने भारत माता की सेवा की। आज कांग्रेस भारत के विकास के रास्ते में रोड़ा बन रही है।



ब्रजेश पाठक ने राहुल का मतलब भी बताया। उन्होंने कहा कि रा-से रार, हु- से हुड़दंग। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर कीचड़ उछालना सूरज पर थूकने जैसा है। राहुल जी आप देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। देश में दंगे कराना, मा भारती को बदनाम करना, आपका फैशन बन गया है। राहुल गांधी राजीव गांधी फाउंडेशन में चीन से आए पैसे लेकर देश के खिलाफ काम कर रहे हैं। राहुल गांधी को बताना होगा कि आप चीन से पैसा क्यों ले रहे थे। दुनिया में भारत की ताकत बढ़ी है। कांग्रेस ने जब देश की सत्ता छोड़ी तब भारत कहां खड़ा था। आज चौथे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन गया है। अखिलेश यादव के 100 विधायक लाने पर मुख्यमंत्री बनाये जाने वाले बयान पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश और राहुल दोनों एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं।

### एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के समुचित एकीकरण से पर्यटन अनुभव बेहतर होगा: उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का समुचित एकीकरण पर्यटन अनुभव को अधिक सुगम, स्मार्ट और आकर्षक बना सकता है। उपराष्ट्रपति मंगलवार को यहां आयोजित पर्यटन नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन यूएस-इंडिया पार्टनरशिप फोरम ने सांकला फाउंडेशन के सहयोग से किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र तेजी से डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में एआई, डेटा एनालिटिक्स, वर्चुअल रियलिटी तथा स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। इन तकनीकों के माध्यम से पर्यटकों को व्यक्तिगत सेवाएं, बेहतर मार्गदर्शन, सुरक्षित यात्रा और समृद्ध अनुभव प्रदान किए जा सकते हैं।
उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में घोषित 'टूरिज्म विजन 2029' के तहत प्रत्येक राज्य में कम-से-कम एक विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल में डिजिटल एकीकरण, स्मार्ट सुविधाएं, निर्बाध कनेक्टिविटी और सतत विकास को प्रमुखता दी गई है।
उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, विविध प्राकृतिक सौंदर्य और युवा जनसंख्या देश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में सक्षम है। एआई आधारित डिजिटल स्टोरीटेलिंग, इंटरैक्टिव गाइड सिस्टम और रियल-टाइम सूचना सेवाएं पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक और सुलभ बना सकती हैं।
राधाकृष्णन ने जोर देकर कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है।

### सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी की स्कूटी से गिरकर मौत

कानपुर । चकेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को सेवानिवृत्ति एयर फोर्स कर्मी की स्कूटी से गिरकर मौत हो गई। राहगीरों मुताबिक वह काफी धीमी गति से स्कूटी चला रहे थे, तभी अचानक गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें काशीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त जाजमऊ के कैलाश नगर निवासी अमित कुमार सिंह (44) के रूप में हुई। वह पांच साल पहले एयर फोर्स से रिटायर हुए थे। वह अपनी पत्नी अनीता और बेटे ओम के साथ रहते थे। बेटे अमित ने बताया कि पिता गृहस्थी की खरीदारी करने के लिए स्कूटी से लाल बंगला बाजार गए थे। उससे पहले ही केडीए स्थित जितेंद्र गैस एजेंसी के पास अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वह स्कूटी समेत गिर गए।

#### पश्चिम बंगाल की अदालतों को उड़ाने की धमकी पर मुख्य सचिव ने कहा

## न्यायाधीशों की सुरक्षा के लिए राज्य प्रतिबद्ध

एजेंसी



कोलकाता। राज्य के विभिन्न अदालतों को विस्फोट की धमकी मिलने के बाद मंगलवार अपराह्न राज्य सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक के पश्चात मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने स्पष्ट किया कि न्यायाधीशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिला न्यायाधीश अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और उन्हें हर प्रकार की सुरक्षा व सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मंगलवार को दिन बढ़ने के साथ अदालतों में कार्य जारी था, तभी अचानक कई अदालतों को विस्फोट की धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। इनमें सिटी सिविल कोर्ट, आसनसोल जिला न्यायालय, दुर्गापुर महकमा न्यायालय तथा मुर्शिदाबाद जिला न्यायाधीश न्यायालय शामिल हैं। सूचना मिलते ही एहतियातन अदालत परिसरों को खाली करा लिया गया और पुलिस ने श्वान दस्ते की सहायता से सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

इसे लेकर मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा, कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार तथा पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडे ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित किया और लोगों से अनावश्यक रूप से भयभीत न होने की अपील की। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद बड़ी संख्या में न्यायाधीश वर्तमान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं। इस संदर्भ में पूछे गए प्रश्न पर मुख्य सचिव ने कहा कि दोनों घटनाओं के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है, किंतु सरकार न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है।

कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार ने बताया कि शहर के दो न्यायालयों सिटी कोर्ट और बैंकशाल कोर्ट को धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ था। तत्काल कार्रवाई करते हुए गुप्तचर विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में संदेश को भ्रामक पाया गया है। उन्होंने बताया कि यह संदेश कहां से भेजा गया और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इसकी जांच साइबर अपराध शाखा तथा गुप्तचर विभाग द्वारा की जा रही है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संदेश एक ही स्थान से भेजा गया या अलग-अलग स्थानों से, हालांकि संदेशों की प्रकृति समान बताई गई है।

### प्रधानमंत्री और अमित शाह ने जे. जयललिता की 78वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

चेन्नई। तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की 78वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा में श्रद्धांजलि संदेश जारी किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पेज पर लिखा कि जयललिता एक करिश्माई नेता और उत्कृष्ट प्रशासक थीं। उनका जीवन दृढ़ संकल्प और अटूट इच्छाशक्ति से भरा हुआ था। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और सर्वसमावेशी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से तमिलनाडु में उत्कृष्ट प्रशासन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि करुणा और दृढ़ता उनके व्यक्तित्व के विशेष गुण थे और उनके साथ हुई चर्चाओं को वे खुशी-खुशी याद करते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी साझा किया कि इस माह के 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने जयललिता का उल्लेख किया था और उसका वीडियो भी साझा किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि जयललिता के गरीबों के कल्याण और महिलाओं के अधिकारों के लिए समर्पित प्रयासों ने तमिलनाडु के विकास को नई दिशा दी।

## पश्चिम बंगाल के चालक की हत्या में दोषी को उम्रकैद

### एडीजे तृतीय की कोर्ट ने सुनाई सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर:पश्चिम बंगाल के रहने वाले एंबुलेंस चालक की हत्या करने के मामले में एडीजे तृतीय की कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास और 21 हजार का जुर्माना लगाया है। पश्चिम बंगाल के जिला दार्जिलिंग के थाना पानी टंकी निवासी मिथिलेश चौधरी का कहना है कि 7 जून 2021 को हम पश्चिम बंगाल सिलीगुड़ी स्थित मेडिकल कॉलेज से प्रतीम सिंह पुत्र जागन सिंह के शव को लेकर अपनी एंबुलेंस से पंजाब के मोगा शहर लेकर आए थे। हमारे मालिक ने मुझे व साथ में चल रहे उमापत राय से कहा था कि हमारे दो लोग बरनाला पंजाब बाईपास पर मिलेगे। जिन्हे तुम पंजाब से बंगाल अपने साथ लेकर आना। प्रीतम सिंह के शव को एंबुलेंस से उतारकर हम लोग वापस आने लगे,तो पंजाब बाईपास पर दो व्यक्ति राम सिंह और तपश मंडल मिले थे। जिनको बैठाने के बाद पश्चिम बंगाल से लेकर चल दिए थे। राम सिंह और तपश मंडल दोनों एक दूसरे को जानते थे। उसके बाद रात को हम लोग खाना खाने के लिए शहजादनगर स्थित एक ढाबे पर रुक गए थे। जहां राम सिंह और तपश मंडल ने पैसों को लेकर विवाद हो गया था। राम सिंह ने तपश मंडल के चाकू मारकर घायल कर दिया था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर आ गई थी। उसके बाद घायल को अस्पताल भेजा था। जहां उसकी मौत हो गई थी। जबकि राम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में हो रही थी। एडीजीसी ओम प्रकाश लोधी ने बताया कि इस मामले में दोषी राम सिंह को आजीवन कारावास और 21 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।




### मुख्यमंत्री योगी ने सिंगापुर में मंगलवार को पत्रकारों से की वार्ता

# सिंगापुर में मिले एक लाख करोड़ निवेश के प्रस्ताव : योगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ सिंगापुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सिंगापुर में टीम यूपी को लगभग एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' ने विभिन्न कंपनियों के साथ हस्ताक्षरित किए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी हो चुकी है। निवेशकों को उत्तर प्रदेश में हो रही प्रत्येक गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में ही यूपी को इतना बड़ा निवेश प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निवेश प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नौ वर्षों में यूपी ने तेजी से किया विकास

मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर व जापान की यात्रा पर आया है। सिंगापुर पहुंचने के बाद सुबह 8:30 बजे से देर रात तक लगातार बैठकें चलीं और दूसरे दिन भी प्रातःकाल से ही कार्यक्रम जारी रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने समग्र विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ-नौ वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जन-कल्याण के क्षेत्रों में तेज गति से विकास किया है। आज भारत और उत्तर प्रदेश की छवि विश्व स्तर पर अत्यंत सकारात्मक रूप में देखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो दिनों में उन्होंने एक सौ से अधिक प्रतिनिधियों से भेंट की है। सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्ज़ा मंत्री के साथ भी उनकी सकारात्मक व सार्थक वार्ता हुई। इसके अतिरिक्त प्रमुख फिनटेक कंपनियों के अध्यक्ष व सीईओ के साथ भी बैठकें की गईं। कई कंपनियां पहले से भारत और उत्तर प्रदेश में निवेश कर रही हैं। योगी ने उल्लेख किया कि देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित हो रहे गंगा एक्सप्रेस-वे में भी कुछ कंपनियों ने पहले से निवेश किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रति निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है।



**सिंगापुर में एक सौ से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से की मुलाकात**

### प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल यात्रा 25-26 फरवरी को, नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 फरवरी से इजराइल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान वह अपने इज़राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और इजराइली संसद नेसेट को संबोधित भी करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 12:45 बजे तेल अवीव पहुंचेंगे। आगमन पर दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच संक्षिप्त मुलाकात होगी। पहले दिन प्रधानमंत्री नेसेट को संबोधित करने के अलावा भारतीय मूल के लोगों के साथ एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। रात्रि में वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा आयोजित निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। यात्रा के दूसरे दिन 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी यरुशलम स्थित याद वाशेम जाकर होलोकॉस्ट स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जहां नाजी अत्याचारों में मारे गए लाखों यहूदियों की स्मृति संरक्षित है। इसके बाद प्रधानमंत्री इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी होगी। वार्ता के बाद नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान भारतीय और यहूदी समुदाय के सदस्यों के साथ भी संवाद करेंगे। यह यात्रा रणनीतिक, तकनीकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा इज़राइल दौरा होगा और दोनों देशों के बीच 'रणनीतिक साझेदारी' को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। सरकार के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने 4-6 जुलाई 2017 को इज़रायल की ऐतिहासिक यात्रा की थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इज़रायल यात्रा थी, जिसके दौरान द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक उन्नत किया गया था। इसके बाद इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जनवरी 2018 में भारत का दौरा किया था।

# कप्तान साहब! 54000 में बेचा रविन्द्र बालियान ने खाकी का ईमान, बोले इस चौकी से ऊब चुका हूं!

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मैं खाकी हूं...! वर्तमान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा की यह पंक्तियां अपने आप में खाकी के स्वाभिमान का बखान करने के लिए पर्याप्त हैं। पर जब यही खाकीधारी चंद रुपयों में खाकी के ईमान को बेचकर इसकी छवि को धूमिल कर दें तो नागरिकों का विश्वास भी कहीं न कहीं डगमगाने लगता हैं। करीब छह माह पूर्व नौगवां पकड़िया निवासी होमगार्ड राजेंद्र पाल जो वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर तैनात है उसके व उसके अन्य परिवारजनों पर बीएनएस की गंभीर धाराओं में सुनगढ़ी थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। होमगार्ड राजेंद्र पाल के अनुसार मुकदमे की विवेचना कर रहे आसाम चौकी इंचार्ज रविन्द्र बालियान ने उसके व परिवार जनों के साथ अभद्रता की कोई सीमा ही नहीं छोड़ी। आरोप है कि विवेचना अधिकारी ने जब राजेंद्र पाल थाने में बंद था तो उसकी



आसाम चौकी इंचार्ज रविन्द्र बालियान

पत्नी से धाराएं कम करने और मुकदमे में पंजीकृत महिलाओं के नाम निकालने के नाम पर खाकी का ईमान महज 54000 में बेच दिया। होमगार्ड की पत्नी ने अपने पति को बचाने के लिए अपने गहनों को गिरवी रख कर सुनगढ़ी थाने के बाहर खोके के पीछे दरोगा बालियान को तीस हजार रुपए नगद दिए। इस दौरान दरोगा ने



होमगार्ड राजेंद्र

होमगार्ड के बहनोई से भी 24000 रुपए नगद लिए। रिश्वत देने के बाद भी दरोगा ने न तो धाराएं कम करी और न ही मुकदमे से महिलाओं के नाम निकाले। होमगार्ड करीब ढाई महीने जेल में रहने के बाद जब जमानत पर बाहर आया तो उसने दरोगा से अपने रुपए वापिस मांगे। दरोगा ने न तो रुपए वापिस किए और उल्टा होमगार्ड का कहना है उसे बेइज्जत करके चौकी से ही भगा दिया। जब इस पूरे घटना क्रम पर चौकी इंचार्ज बालियान से उनका पक्ष पूछा गया तो उनका जवाब था कि मैं इस आरोप का खंडन करता हूं, इस चौकी पर ड्यूटी करके ऊब चुका हूं, मै खुद चाहता हूं मेरा यहां से तबादला कर दिया जाए। होमगार्ड ने दरोगा द्वारा ली गई इस रिश्वत की शिकायत पूर्व में थाना सुनगढ़ी में तैनात रहे थाना इंचार्ज पवन कुमार पांडे से भी करी थी। अब पुलिस महकमे से प्रश्न यही है कि क्या इस तरह ही यह वर्दी धारी खाकी के ईमान को बेचते रहेंगे? क्या थाने में बंद रहे होमगार्ड को केवल इस आधार पर न्याय नहीं मिलेगा कि वह जेल जा चुका है? शायद जिम्मेदार अफसर यह भूल रहे हैं पीड़ित की सुनवाई भी न्याय की श्रेणी में आती है।

इस प्रकरण पर जब अपर पुलिस अधीक्षक से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनका फोन उठ नहीं सका और क्षेत्राधिकारी से भी संपर्क नहीं हो सका।

# राष्ट्रीय हनुमान दल की नई इकाई का हुआ गठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मंगलवार को शहर के निजी बैंकट हॉल में राष्ट्रीय हनुमान दल की जिला बैठक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन माँ भारती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रचारक अमित कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अभन अखाड़ा के विमलेश दास, चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय अग्रवाल, डॉ. अनुरीता सक्सेना, प्रदेश अध्यक्ष आशीष सक्सेना, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वैभव रहे। संरक्षक जगदीश सक्सेना ने समरसता, हिंदू सौहार्द्र और रक्षा मंत्र पर विचार रखते हुए कहा कि ह्रसारे हिंदू आपस में भाई हैं। संरक्षक मंडल के स्वतंत्र देवल ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता पर जागरूकता दिलाई। मुख्य वक्ता अमित कुमार ने संघ की स्थापना से लेकर 100 वर्ष की यात्रा और अखंड भारत की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय अग्रवाल ने कहा कि हिंदू राष्ट्र कोई कहने की नहीं, बल्कि




हनुमान दल की बैठक में उद्बोधन देते संरक्षक स्वतंत्र देवल

महसूस करने की दरकार है। नवीन इकाई में जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान पंडित संतोष मिश्रा, महामंत्री, राहुल गजवानी, जिला उपाध्यक्ष, हितेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में बिलसंडा, गजरौला, अमरिया, जहानाबाद, उड़िया आदि क्षेत्रों की कार्यकारिणी गठित की गई। नगर स्तर पर संजीव कुमार, नगर अध्यक्ष, राकेश मौर्य, जिला संयोजक, नगर संयोजक आदित्य राना आदि बनाए गए।

## मकान की रंजिश के चलते दो माह की गर्भवती और उसके पति, देवर को पीटा, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** मकान की रंजिश के चलते दो माह की गर्भवती और उसके पति व देवर के साथ मारपीट करी गई। पीड़िता कमलजीत कौर ने थाना घुंघचाई में तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को सुखजीत सिंह, गुरमेज सिंह, प्रेम सिंह, गुरुवंत सिंह, सुखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, कर्मजीत कौर, जसप्रीत कौर, और 15 से 20 अज्ञात लोगों ने उसके व पति रंजीत सिंह और देवर के साथ मारपीट करी। इस दौरान आरोपियों की ओर से गर्भवती महिला के पेट पर लाते भी मारी गईं जिससे महिला के रक्तस्त्राव होने लगा। पीड़िता ने बताया जितेंद्र कौर और कमजीत कौर अभयपुर के निवासी है। इस घटना के बाद से ही पीड़िता और उसके परिवार वाले खौफ में है। मकान से यह विवाद बीते कई दिनों से चल रहा था।

उक्त आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी है। मांग करी गई है कि जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर उचित कार्यवाही करी जाए। पीड़िता की तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3), 190, 191(2) के तहत थाना घुंघचाई में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पूरे घटना क्रम की गहनता से जांच करी जा रही है जो भी दोषी होंगे उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करी जाएगी।

## नाले की समस्या को लेकर किसानों का विरोध प्रदर्शन

**पूरनपुर।** हरदोई ब्रांच नहर के घुंघचाई पुल के पूर्व में नहर के किनारे एक पुलिया बनी हुई है। जो नहर के नाले के ऊपर बनी है। पुलिया के दोनों ओर उत्तर से दक्षिण की ओर पानी का बहाव है। जिस पर नजर विभाग की ओर से पुलिया के दोनों ओर 50-50 मीटर पत्थर नाले के अंदर लगाया जा रहा है। जबकि घुंघचाई पुल से मटेहना वाली झाल तक पत्थर लगाना बहुत जरुरी है। जिससे कई एकड़ गरीब किसानों की फसल पानी से नष्ट होने से बचे, पुलिया से एक पूर्व की ओर डूंडा की तरफ एक निजी नाला बनाया गया है। यह नाला बड़े नाले का आकार ले लेता है। जिससे घुंघचाई, खानपुर,उदरहा आदि गांव के किसानों की फसल पानी से नष्ट कर देता है। जिसके चलते गरीब किसानों को अनाज खाने तक नहीं मिल पाता है। किसान नहर विभाग के अधिकारियों से कईबार निजी नाला को बंद करने को कहा जा रहा है।लेकिन नहर विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है।

जिससे किसान परेशान है। इससे नाराज दर्जनों किसानों ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान भूपेंद्र सिंह काले, सुवेंदर सिंह, रामसरन, विक्रम सिंह, निशान सिंह, कुलदीप सिंह,जरमन जीत सिंह,गब्बर सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

## पीडब्ल्यूडी के जेई का डूडा और नगर पंचायतों से सम्बद्धीकरण समाप्त

**पीलीभीत।** शासन के नियमों की अवहेलना और भ्रष्टाचार के आरोपी जेई पर



जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बड़ी कार्यवाही करी हैं। भ्रष्टाचार और सरकारी नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोपों के बीच जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अवर अभियंता (जेई) मनोज कुमार सुमन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। डीएम ने उनके जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) तथा नगर पंचायत कलीनगर और नौगवां पकड़िया से किए गए संबद्धीकरण को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार सुमन मूल रूप से पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-1 में तैनात थे, लेकिन वे अतिरिक्त प्रभार के तौर पर डूडा के साथ-साथ दो नगर पंचायतों का कार्यभार भी संभाल रहे थे। जिलाधिकारी को प्राप्त शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि यह संबद्धीकरण नियमों के खिलाफ था और उनके पुराने भ्रष्टाचार के मामलों को छिपाया गया। शिकायतकताओं ने बताया कि 6 अक्टूबर 2025 को तत्कालीन एडीएम (वित्त एवं राजस्व) ऋतु पूनिया ने जेई सुमन को नगर पंचायत नौगवां पकड़िया से संबद्ध किया था। इससे पहले, तत्कालीन एडीएम राम सिंह गौतम की जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर पूर्व जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने उन्हें पद से हटा दिया था। इसके बावजूद दोबारा संबद्धीकरण किया जाना उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशों और स्थानीय निकाय निदेशालय के आदेशों का खुला उल्लंघन माना गया।नियमों के मुताबिक, यदि निकटवर्ती नगर पालिका में केंद्रीयकृत सेवा का जेई तैनात है, तो रिक्त पदों का प्रभार उसी को दिया जाना चाहिए। नौगवां पकड़िया से महज 5 किलोमीटर दूर नगर पालिका परिषद में जेई सत्येंद्र नाथ पहले से तैनात थे, फिर भी मनोज कुमार सुमन को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।पूरे मामले की शिकायत सीधे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से की गई। शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम ने जांच के बाद जेई मनोज कुमार सुमन का डूडा और दोनों नगर पंचायतों में संबद्धीकरण तत्काल निरस्त करने का आदेश जारी किया। यह आदेश सोमवार देर रात जिलाधिकारी कार्यालय से जारी हुआ।यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति को दशार्ती है। स्थानीय स्तर पर इसे एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जो अन्य अधिकारियों के लिए भी चेतावनी का काम कर सकता है।

## छह घंटे विरोध के बाद पॉक्सो की सजा काट रहे कैदी का अंतिम संस्कार संपन्न

**पीलीभीत।** बरेली कारागार में पॉक्सो एक्ट के तहत 25 वर्ष की सजा काट रहे बरखेड़ा निवासी सर्वेश कुमार का अंतिम संस्कार बेहद तनावपूर्ण स्थिति में मंगलवार को गांव में किया गया। कई महीनों से बीमार चल रहे सर्वेश का उपचार लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत्यु के पांच दिन बाद मंगलवार को उसका शव गांव पहुंचाया गया। शव के आगमन पर गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई और संभावित विरोध-प्रदर्शन की आशंका के चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही बरतने और उचित इलाज न कराने का आरोप लगाया था, जिसके कारण शव को लेकर कुछ देर विवाद हुआ।शव पहुंचने के करीब छह घंटे बाद विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की मौजूदगी और मध्यस्थता में प्रशासन तथा परिजनों के बीच सहमति बनने के बाद देर शाम अंतिम संस्कार कराया गया। इस दौरान पूरे इलाके में पुलिस की मजबूत मौजूदगी बनी रही ताकि कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।

# मिलावट के संदेह पर 25 लाख का रिफाइंड जब्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** होली पर्व के नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग विभाग जिले भर में सक्रिय हो गया है। विभाग की ओर से मंगलवार को कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर नमूने भरे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु कुमार, सतीश कुमार और प्रेम कुमार यादव की टीम ने जैद किराना, पूरनपुर से घी(नन्द कृष्णा), अली किराना स्टोर, पूरनपुर से आशीर्वाद बेसन का नमूना भरा। टीम की ओर से आसाम रोड पूरनपुर स्थित मै. आरवी. गर्ग इंडस्ट्रीज से रिफाइंड राईस ब्रान ऑयल में मिलावट के संदेह पर करीब 25 लाख की अनुमानित लागत का 25000 लीटर रिफाइंड जब्त किया गया। टीम द्वारा आसाम चौराहा पीलीभीत स्थित मोदी नेचुरल लिमिटेड से रिफाइंड ऑलिव पौमेश ऑयल, रिफाइंड रॉयस ब्रान,



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा छापा मारकर प्रतिष्ठानों पर नमूने लेते हुए अधिकारी

रिफाइंड सन फ्लावर को जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है। टीम ने बताया मिलावट पाए जाने पर उचित कार्यवाही करी जाएगी।

# होली के त्योहार पर भी दुकानों बाजारों से रोनक गायब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** होली जैसे त्यौहारों पर भी दुकानों और बाजारों में रौनक गायब है। जिसका मुख्य कारण आनलाइन खरीदारी है। होली के चंद दिन ही बचे है। लेकिन बाजारों और दुकानों पर सन्नाटा दिखाई दे रहा है। जिससे छोटे दुकानदारों व व्यापारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खडा हो रहा है।

डिजिटल के इस दौर में ऑनलाइन खरीदारी ने छोटे दुकानदारों व छोटे व्यापारियों के सामने संकट खडा कर दिया है। युग में ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते प्रभाव ने होली जैसे मुख्य त्याहारों पर भी कस्बों के दुकानों पर व बाजारों की रौनक को काफी हद तक कम कर दिया है। पहले होली त्योहार पर होली से कई दिन पहले ही दुकानों व बाजारों में भीड़ उमड़ती दिखाई देने लगती थी। वहीं अब कई दुकानदार दिनभर ग्राहकों का इंतजार करते दिखाई देते हैं। होली के चंद दिन ही बचे है लेकिन बाजारों व दुकानों पर इक्का दुक्का ही खरीददार दिखाई दे रहे है। घर बैठे डिलीवरी की सुविधा ने ग्राहकों की आदतें बदल दी हैं। अब ग्राहक दुकान पर आकर कपड़े देखकर मोबाइल पर ऑनलाइन रेट चेक करते हैं और सस्ता मिलने पर वहीं से ऑर्डर कर देते हैं। आन लाइन के इस दौर में होली जैसै मुख्य त्यौहार पर भी दुकानो व बाजारों में होली की कोई रोनक दिखाई नही दे रही है। यदि यही स्थिति रही तो कई छोटी दुकानें बंद होने की कगार पर पहुंच सकती हैं। खरीदारी ना होने से छोटे दुकानदारों व छोटे व्यापारियों के सामने संकट खडा हो सकता है।

## पति को नशा देकर महिला माल जेवर लेकर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नशा देकर महिला ने पति को कमरे में बंद कर माल जेवर और नगदी लेकर फरार हो गई। सुबह ताला तोडकर युवक को बाहर निकाला। मामले की तहरीर दी गई है।

तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वताया कि शनिवार की रात उसकी पत्नी ने खाने में नशीली गोलियां मिलाकर खिला दी। जिससे कुछ ही देर बाद बह गहरी नींद में सो गया। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर महिला घर में रखे पांच तोला सोना और 25 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। इसके बाद महिला ने पति को उसके कमरे में बंद कर बाहर से ताला डालकर घर से फरार हो गई। पूरी रात युवक वह कमरे में पडा रहा। रविवार को सुवह होश आने पर उसने दरवाजा खोला लेकिन बाहर से ताला पडा होने के चलते उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिस पर उसका पुत्र और पडोसी लोग मौके पर पहुंचे,लोगों ने ताला तोडकर पीडित को बाहर निकाला।

# व्यापारियों साथ बैठक कर अपर पुलिस अधीक्षक ने की तमाम मुद्दों पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एम.ए. जिलानी की अगुवाई में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया और सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था और आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में व्यापारियों ने शहर में लग रहे भीषण जाम का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिलाध्यक्ष जिलानी ने बताया कि ई-रिक्शा और टुक-टुक के रूट निर्धारित न होने के कारण सड़कें ब्लॉक हो रही हैं। इस पर एएसपी ने आश्वासन दिया कि होली के बाद शहर में 'वन-वे' व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने सुझाव दिया कि टनकपुर रोड पर बाईपास का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन भारी वाहनों का डायवर्जन न होने से सारा



फोटो परिचय-व्यापारियों साथ चर्चा करते अपर पुलिस अधीक्षक

ट्रैफिक शहर के अंदर आ रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाईपास पर बिजली के तार नीचे होने के कारण अभी डायवर्जन में दिक्कत आ रही है, जिसे जल्द ही ठीक कर भारी वाहनों को शहर के बाहर शिफ्ट किया जाएगा। होली और ईद के मद्देनजर बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। एम.ए. जिलानी ने कहा कि भीड़ का फायदा उठाकर शातिर अपराधी सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए नगर के सभी एंट्री पॉइंट्स पर सुरक्षा कड़ी की जाए। इसके अलावा पूरनपुर के माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर जाम और न्योरिया, मझोला, बिलसंडा, अमरिया जैसे कस्बों की स्थानीय समस्याओं को भी पुरजोर तरीके से रखा गया। बैठक में इंस्पेक्टर कोतवाली, सुनगढ़ी और टीएसआई के साथ-साथ व्यापार मंडल से नाहिद खान, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, प्रदीप शुक्ला, रियाजुद्दीन राजू, राशिद अंसारी, नदीम अंसारी, गौतम गोहा, विवेक वर्मा और ममनून मलिक सहित जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंत्री जी! तय समय पर न तो हुई शहर की सफाई, न ही कोतवाल साहब की विदाई

- शहर में सफाई व्यवस्था बन रही लोगों के लिए मुसीबत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर की जनता अब प्रश्न कर रही है कि मंत्री आपके आदेशों के बाद भी अभी तक न तो समय से शहर की सफाई हो रही हैं, और न ही अब तक कोतवाल साहब की विदाई हो सकी है।

बीते दिनों पूर्व गांधी सभागार में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कैमरों के सामने जिलाधिकारी को शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिया था। इस दौरान मंत्री ने सुबह 8 बजे तक शहर का कूड़ा उठ सके इस बात पर जोर देते हुए यह भी कहा था कि प्रतिदिन के हिसाब से एक नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाएं। नोडल अधिकारी की यह जिम्मेदारी तय करी



समय से सफाई न होने पर शहर में लगे कूड़े के ढेर

जाए कि शहर का कूड़ा समय से उठ सके और व्यापारियों व राहगीरों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। मंत्री के आदेश के दो दिन बाद भी अभी तक न तो सफाई व्यवस्था पर किसी अधिकारी की जिम्मेदारी तय करी गई है और न ही समय से शहर का कूड़ा उठ पा रहा है। यह तस्वीरें मुख्य मार्गो की सुबह 10 बजे के बाद की है जो सफाई व्यवस्था को साफ दिखा रही हैं। शहर की सफाई व्यवस्था पर नगर पालिका की उदासीनता तो सभी के सामने पहले से ही जग जाहिर है। वहीं दूसरी ओर बीते कई दिनों से सोशल मीडिया से लेकर के जगह-जगह नुक्कड़, चौराहों और चाय कि दुकानों पर एक ही सवाल सबसे ज्यादा सुनाई दे रहा है कि क्या हुआ कोतवाल साहब का। विपक्षी भी इस सवाल को मुद्दा बना कर के राज्यमंत्री को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। यह दोनों बता रहे हैं कि मंत्री के आदेशों के बाद भी अफसरशाही किस कदर हावी हैं।

# टेंडर के पहले ही दौड़ पड़े फाइबर के घोड़े

## 3 का, 13 कर रहा ठेकेदार, रोटरी से सड़क भी हो गई संकरी



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली।** दामोदर स्वरूप पार्क चौराहे के पास लगाए जा रहे फाइबर के घोड़ों ने टेंडर सिस्टम की पोल खोल दी। आरोप है कि निविदा जारी होने से पहले ही करीब 70 फीसदी काम पूरा कर लिया गया। अब तीन लाख रुपये के वास्तविक काम पर 13 लाख रुपये का टेंडर चढ़ाने की तैयारी चल रही है। रोटरी बनने की वजह से वहां सड़क और संकरी हो गई है। आने वाले दिनों में ये रोटरी ट्रैफिक जाम का नया अडडा बनने जा रही है।

साइट पर फाइबर स्ट्रक्चर खड़े हो चुके थे, जबकि टेंडर प्रक्रिया औपचारिक रूप से पूरी भी नहीं हुई थी। जब काम पहले ही हो गया, तो निविदा किसलिए, विभागीय गलियारों में चर्चा है कि पसंदीदा फर्म के लिए रास्ता साफ करने की पटकथा पहले लिखी गई, कागज बाद में जोड़े गए। जानकारों का दावा है कि फाइबर घोड़ों का असल खर्च करीब 3 लाख के आसपास बैठता है, जबकि प्रस्तावित टेंडर 13 लाख के करीब है। आरोप यह भी कि बोली प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा हतोत्साहित की गई।

### ठेकेदारों को धमकाया, ज्यादा सक्रिय होने की जरूरत नहीं

इसी बीच एक फर्म ने लगभग 10 प्रतिशत ब्लो के साथ बोली डाली, जिससे गणित और उलझ गया। अब चर्चा है कि अनुबंध एक नाम पर, भुगतान दूसरे को कैसे कर दिया जाये। ब्लो सेविंग से एक्स्ट्रा आइटम तक का फॉमूर्ला ये है कि फरवरी-मार्च में सप्लाई ऑर्डर और एक्स्ट्रा आइटम के जरिए बजट खपाने का आरोप पुराना है। नियम कहता है कि टेंडर ब्लो से बची रकम मुख्यालय को लौटे। लेकिन यहां बचत का बड़ा हिस्सा एक्स्ट्रा आइटम और अतिरिक्त सप्लाई में समायोजित कर दिया जाता है।

### सेतु मरम्मत में भी वही पटकथा

लोक निर्माण विभाग के भीतर चर्चा है कि कुछ सेतु मरम्मत कार्यों में भी अनुमान और आंकड़े एक ही घेरे में तैयार होते हैं। इंजीनियरिंग साइन-आफ तक सीमित रह जाती है, जबकि दरें और आइटम पूर्वनिर्धारित ढर्रे पर चलते हैं। यह मामला पीडब्ल्यूडी ठेकेदार के गठजोड़ की ओर इशारा करता है। पारदर्शिता पर उठे इन सवालों का जवाब विभाग को सार्वजनिक करना होगा। हालांकि इस मामले में ठेकेदार से बात की गई तो उसने सिरे से ही नकार दिया। कहा कि भाई साहब किसी ने आपको गलत जानकारी दे दी है। मैं तो काम ही नहीं कर रहा हूं। पीडब्ल्यूडी विभाग के कारनामे भी अजब गजब हैं।

# भाजपा नेता और ट्रैफिक इंस्पेक्टर की शह पर बरेली में चल रहा अवैध टैक्सी स्टैंड, एसएसपी तक पहुंची शिकायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली।** बदायूं रोड स्थित पूर्व गन्ना मिल की सरकारी जमीन पर चल रहे कथित अवैध टैक्सी-ऑटो स्टैंड को लेकर गैंगवार की आशंका है। आरोप है कि एक कद्दावर भाजपा नेता और ट्रैफिक इंस्पेक्टर की शह पर कुछ दबंग वहां अवैध टैक्सी स्टैंड चला रहे हैं। इसकी वजह से वहां जाम लगता है। शराब के नशे में दबंग आने जाने वाली महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील कमेंट पास करते हैं। मामले की शिकायत मंगलवार को एसएसपी से की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि एक भाजपा नेता और ट्रैफिक विभाग के इंस्पेक्टर की संरक्षण में यह स्टैंड संचालित हो रहा है। सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से देहात परमिट वाहनों का संचालन कराया जा रहा है। यहां कथित तौर पर रंगदारी वसूली, धमकी और दबाव बनाया जाता है। विरोध करने वालों को जान से मारने की धमकी दी जाती है। वहां खुलेआम गुंडई, सट्टेबाजी होती है। पुलिस की शह पर वहां सभी गैरकानूनी कृत्यों को अंजाम दिया जा रहा है।

### ट्रैफिक पुलिस के कोना छोड़ो अभियान को लगा पलीता

ट्रैफिक विभाग के इंस्पेक्टर ही अपने अभियान को पलीता लगा रहे हैं। पुलिस एक तरफ कोना छोड़ो अभियान चला रही है। दूसरी तरफ अवैध टैक्सी स्टैंड चलाये जा रहे हैं। सुभाषनगर के रहने वाले सुरेंद्र उर्फ बाबी ने बताया कि हर महीने की वसूली के चलते ही यह स्टैंड हटाने के अभियानों के बावजूद निर्बाध चल रहा है। इतना ही नहीं, कथित राजनीतिक संरक्षण का हवाला देकर खुलेआम चुनौती दी जा रही है कि ह्लकोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### एसएसपी तक पहुंचा मामला, अब होगी कार्रवाई

आशंका है कि वर्चस्व की लड़ाई से कभी भी गैंगवार और गंभीर वारदात की स्थिति बन सकती है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। एसएसपी अनुराग आर्य की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के तहत अब मामला उनके संज्ञान में है। यही वजह है कि अब घूसखोर पुलिस वालों की नहीं चलेगी। ट्रैफिक पुलिस की मजबूरी बन गई है कि अवैध स्टैंड को हटवायें, नहीं तो उनका ही बोरिया बिस्तर बंध जायेगा। पीड़ितों ने हवाला देते हुए एसएसपी से सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब निगाहें एसएसपी की कार्रवाई पर टिकी हैं। हालांकि अब सरकारी जमीन से अवैध स्टैंड हटाने और आरोपियों पर कार्रवाई होना तय है।

## होली पर खलल डालने वालों सावधान... एसएसपी का सख्त ऐलान, गड़बड़ी की तो बख्शे नहीं जाओगे

**बरेली।** होली से पहले बरेली पुलिस ने सख्त तेवर दिखा दिए हैं। सोमवार रात एसएसपी अनुराग आर्य ने गूगल मीट के जरिए जिले भर के अफसरों के साथ मैराथन समीक्षा बैठक की और साफ कर दिया कि त्योहार के दौरान गड़बड़ी करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में सभी अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में जिले में हो रहे अपराधों की एक-एक कर समीक्षा की गई और कई मामलों में जवाब-तलब भी हुआ।

एसएसपी ने लंबित और पुनर्विवेचना वाले मामलों पर नाराजगी जताई। निर्देश दिया गया कि क्षेत्राधिकारियों की निगरानी में सभी पेंडिंग विवेचनाओं का जल्द निस्तारण किया जाए। साथ ही हर एफआईआर को ई-साक्ष्य ऐप से लिंक करने और लंबित एसआईडी को संबंधित एफआईआर से जोड़ने के निर्देश दिए गए, ताकि जांच प्रक्रिया में कोई ढिलाई न रहे।

आगामी होली पर्व को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रहने के आदेश दिए गए हैं। होलिका दहन स्थलों और जुलूस मार्गों का पहले से निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने को कहा गया है। पिछले वर्षों में जिन इलाकों में विवाद हुए थे, उनकी विशेष समीक्षा कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

होली के दौरान डायल 112 पर आए पुराने इवेंट्स की भी समीक्षा होगी। जिन क्षेत्रों में पहले तनाव या झड़पें हुईं, वहां इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। थाना प्रभारियों को संवेदनशील पॉइंट चिन्हित कर ड्यूटी चार्ट तैयार करने, क्लस्टर मोबाइल बनाकर लगातार गश्त करने और पल-पल की रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ शब्दों में कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इस बार होली उल्लास के साथ-साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाई जाएगी और किसी भी हाल में शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

## आकाशवाणी केंद्र में निकला कोबरा सांप वन विभाग ने पकड़कर जंगल में छोड़ा

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र स्थित बुखारा मोड़ पर बने आकाशवाणी केंद्र बरेली में उस समय हड़कंप मच गया, जब परिसर में एक जहरीला सांप दिखाई दिया। सांप दिखते ही कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के रेंजर ने बताया कि करीब 3 बजे कार्यालय परिसर में सांप दिखने की सूचना मिली थी। टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सांप को पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि पकड़ा गया सांप करीब 5 फीट लंबा कोबरा था। टीम ने उसे सुरक्षित तरीके से डिब्बे में बंद किया और बाद में चौबारी क्षेत्र के जंगल में छोड़ दिया।

सांप के सुरक्षित पकड़े जाने और जंगल में छोड़े जाने के बाद कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

## जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**बरेली।** मुरादाबाद जनपद के थाना मानाढेर क्षेत्र के गांव आसपुर निवासी सुमन ने बरेली जिला अस्पताल की मोर्चरी पर जानकारी देते हुए बताया कि उनके पति हरि किशोर (45 वर्ष) पिछले करीब 10 वर्षों से हत्या के एक मामले में सजा काट रहे थे। वह बीते 6 सालों से बरेली सेंट्रल जेल में बंद थे।

परिजनों के अनुसार, पिछले लगभग एक महीने से हरि किशोर के पेट में दर्द की शिकायत थी और उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। हालत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान आज सुबह उनकी मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी सुमन ने बताया कि परिवार के चार सदस्य सजा काट रहे थे, जिनमें आज सुबह हरि किशोर की मृत्यु हो गई। हरि किशोर अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और चार बेटियों को छोड़ गए हैं।

## फर्जी नर्सिंग होम पर मुकदमा दर्ज

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के किच्छा रोड स्थित यूनिसन नर्सिंग होम के संचालक के विरुद्ध थाना बहेड़ी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला की मौत के बाद सामने आई शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त जांच में नर्सिंग होम का पंजीकरण न होने का खुलासा हुआ था।

दिनांक 20 फरवरी 2026 को उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (नोडल अधिकारी पंजीकरण), चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी बहेड़ी एवं थाना बहेड़ी पुलिस टीम ने अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण किया। अभिलेखों की जांच में पाया गया कि उक्त नर्सिंग होम मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बरेली कार्यालय में पंजीकृत नहीं है और अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। अनियमितताएं पाए जाने पर अस्पताल को मौके पर ही सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की तहरीर पर थाना बहेड़ी में निम्न धाराओं में एफआईआर पंजीकृत की गई जिसमें धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (इठर),धारा 15(3) इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम 2019 की धारा 34 में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्राथमिक जांच में झोलाछाप तरीके से चिकित्सा सेवा संचालित करने का मामला सामने आया है।

19 फरवरी 2026 को उक्त नर्सिंग होम में एक महिला की मृत्यु की खबर मीडिया में प्रसारित हुई थी, जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीर मानते हुए तत्काल जांच कराई।

# फार्म हाउस पर खून से सना मिला चौकीदार का शव, हत्या या हादसा... ऐसे खुलेंगे राज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र के कछला-शाहबाद हाईवे किनारे स्थित एक फार्म हाउस पर चौकीदार का रक्तरंजित शव मिला। सुबह-सुबह दूध लेने पहुंचे खेत मालिक की नजर जैसे ही जमीन पर पड़े खून से सने शव पर पड़ी, उनके होश उड़ गए। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे इलाके को घेर लिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। बाद में एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने फार्म हाउस के अंदर और बाहर गहन छानबीन की और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी।



### हत्या या छत से गिरने की आशंका

पुलिस शुरूआती जांच में इसे संदिग्ध मान रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह साफ नहीं हो सका है कि मामला हत्या का है या फिर छत से गिरने से मौत हुई है। दोनों ही पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### 20 साल से कर रहे थे चौकीदारी दूसरी मंजिल पर सोते थे

जानकारी के मुताबिक बिल्सी निवासी नरेश माहेश्वरी का खेत कछला-शाहबाद हाईवे के किनारे स्थित है, जहां उन्होंने फार्म हाउस बना रखा है और गाय भी पाल रखी हैं। फार्म हाउस की देखरेख की जिम्मेदारी मुजरिया थाना क्षेत्र के अलीगंज निवासी 65 वर्षीय सुरेंद्र सिंह के पास थी। वह करीब 20 वर्षों से यहां चौकीदारी कर रहे थे और दूसरी मंजिल पर ही सोते थे। मंगलवार सुबह जब नरेश रोज की तरह दूध लेने पहुंचे तो फार्म हाउस के बाहर जमीन पर सुरेंद्र सिंह का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर उन्होंने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी।

### पहले ही टूट चुका था परिवार

मृतक सुरेंद्र सिंह के परिवार पर पहले भी दुखों का पहाड़ टूट चुका है। उनके इकलौते बेटे संतोष की करीब दस साल पहले मौत हो चुकी थी। उनकी दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। बेटे के निधन के बाद सुरेंद्र सिंह अकेले ही चौकीदारी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने बताया कि चौकीदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

## शास्त्री मार्केट में बना रखा था अवैध दवाओं का गोदाम, 4.20 लाख की एलोपैथिक दवायें सीज

**बरेली।** ड्रग विभाग ने शहर के शास्त्री मार्केट के एक अवैध गोदाम पर छापा मार दिया। बिना लाइसेंस संचालित गोदाम से लाखों रुपये की दवाएं जब्त कर लीं।

जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह और सहायक आयुक्त (औषधि) संदीप कुमार निर्देश पर औषधि निरीक्षक राजेश कुमार एवं अनामिका अंकुर जैन ने कोतवाली क्षेत्र स्थित शास्त्री मार्केट में दबिश दी। आरोप है कि बिना वैध लाइसेंस के गोदाम में भारी मात्रा में दवाओं का भंडारण किया जा रहा था। मेसर्स नीलू फार्मा के मालिक सत्यभान गुप्ता के गोदाम पर छापामार कार्रवाई में करीब 4 लाख 20 हजार रुपये की एलोपैथिक औषधियां बरामद की गईं। टीम ने मौके पर ही स्टॉक को सीज कर दिया। वहीं चार संदिग्ध दवाओं के नमूने एकत्र कर राजकीय प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी।

## विद्या भारती द्वारा आयोजित सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा का प्रारंभ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल मार्ग बरेली में विद्या भारती द्वारा आयोजित सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रारंभ हुआ। इस परीक्षा का उद्देश्य बताते हुए विद्या भारती के पर्यवेक्षक श्री राम किशोर श्रीवास्तव शिशु वाटिका प्रभारी ब्रज प्रदेश ने बताया विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच, सामान्य ज्ञान तथा शैक्षणिक दक्षता का आकलन कर उनमें निहित प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है।

परीक्षा में बरेली केंद्र पर कक्षा पंचम एवं अष्टम के 385 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रातः निर्धारित समय पर परीक्षा प्रारंभ हुई एवं अनुशासन एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। विद्यालय प्रबंधन एवं आचार्यों ने परीक्षा की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया। प्रश्नपत्रों में गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, भाषा एवं तर्कशक्ति से संबंधित प्रश्न शामिल थे, जिससे विद्यार्थियों की समग्र योग्यता का मूल्यांकन किया जा सके। परीक्षा के दौरान प्रांत द्वारा गठित सचल दस्ता मैं बाल कल्याण समिति के मंत्री श्री दिनेश मलिक, श्री सुनील कुमार शर्मा व्यवस्थापक चौपाल विद्यालय एवं श्री अवनीश शर्मा सेवानिवृत्ति मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा आदि ने भैया बहनों की जांच पड़ताल की। शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा प्रतिवर्ष संपूर्ण देश में एक साथ कराई जाती है जिसके अंतर्गत ब्रज प्रदेश में आगरा, बरेली और एटा में आयोजित हो रही है।

## बरेली के इस व्यापारी की पत्नी से लूट, बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली।** रामपुर रोड पर बाइक सवार झपटमारों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार रात दुकान बंद कर पत्नी के साथ घर लौट रहे एक व्यापारी को बदमाशों ने निशाना बना लिया। भीड़भाड़ वाले रास्ते पर पीछे से आए दो लुटेरों ने महिला के हाथ से पर्स झपट लिया और फरार्टा भरते हुए आंखों से ओझल हो गए। वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई।

सीबीगंज थाना क्षेत्र की वेस्ट एंड कॉलोनी निवासी सुखबीर सिंह रोज की तरह कोतवाली क्षेत्र स्थित अपनी दुकान बंद कर रात करीब नौ बजे पत्नी परविंदर कौर के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। रास्ते में मिनी बाईपास से फल खरीदने के बाद जैसे ही वे खंडेलवाल हीरो एजेंसी के पास पहुंचे, पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने मौका ताड़ते ही झपट्टा मारा और महिला के हाथ से हैंडबैग छीन लिया। जब तक दंपति कुछ समझ पाते, बदमाश सीबीगंज की तरफ भाग चुके थे।

### बैग में थे मोबाइल और नकदी

पीड़ित ने बताया कि छीने गए बैग में वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, करीब पांच हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज रखे थे। पूरी वारदात कुछ ही सेकंड में हो गई। सड़क पर मौजूद लोग भी कुछ समझ नहीं पाए और लुटेरे आसानी से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद सुखबीर सिंह ने डायल 112 पर फोन कर मदद मांगी। पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची जरूर, लेकिन बदमाशों का पीछा करने के बजाय पीड़ित को सीबीगंज थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह देकर चली गई। इसे लेकर पीड़ित परिवार में नाराजगी है।

### मिनी बाईपास चौराहे के कैमरे बंद, पुलिस के हाथ खाली


पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। हालांकि मिनी बाईपास चौराहे पर लगे दोनों कैमरे खराब बताए जा रहे हैं, जिससे जांच की रफ्तार पर सवाल खड़े हो गए हैं। रामपुर रोड पर लगातार हो रही झपटमारी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोग रात में गश्त बढ़ाने और सक्रिय निगरानी की मांग कर रहे हैं।

# होली पर जरा संभलकर... स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट, इमरजेंसी ट्रामा टीम २४ घंटे तैयार, जरा सी लापरवाही पड़ेगी भारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली।** रंगों के त्योहार होली को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह की अगुवाई में पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। सीएमओ ने साफ शब्दों में कहा है कि त्योहार के दौरान किसी भी मरीज को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और जरा सी भी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल से लेकर सभी सीएचसी-पीएचसी तक इमरजेंसी सेवाओं को मजबूत कर दिया गया है। ट्रामा और सर्जिकल टीम को 24 घंटे ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त बेड, दवाइयां और स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि



किसी भी हादसे, मारपीट या गंभीर स्थिति में तुरंत उपचार दिया जा सके। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सड़क दुर्घटनाएं, आपसी विवाद और रंग से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ जाती हैं, इसलिए हर स्तर पर तैयारी की गई है।

### ग्रामीण इलाकों में भी चौकसी, एंबुलेंस रहेंगी तैनात

सीएमओ ने बताया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी सतर्क कर दिया गया है। सभी प्रभारी चिकित्सकों को मुख्यालय पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर तैनात रखने की योजना बनाई गई है, ताकि जरूरत पड़ते ही मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके।

### जनस्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएमओ

डॉ. विश्राम सिंह ने दो टूक कहा कि होली पर जनस्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि सुरक्षित और संयमित तरीके से त्योहार मनाएं, केमिकल युक्त रंगों से बचें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या एंबुलेंस सेवा से संपर्क करें।

### दवाओं का अतिरिक्त स्टॉक, एलर्जी-आई केयर पर खास फोकस

होली में आंखों में रंग जाने, त्वचा एलर्जी, सांस की दिक्कत और चोट-चपेट के मामलों को देखते हुए इमरजेंसी वार्ड में एंटी-एलर्जिक दवाएं, आई ड्रॉप्स, इंजेक्शन, बैंडेज और जरूरी मरहम का अतिरिक्त स्टॉक रखा गया है। फामेर्सी विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी आवश्यक दवा की कमी नहीं होनी चाहिए। सीएमओ ने कहा कि समय पर इलाज ही बड़ी घटनाओं को टाल सकता है, इसलिए तैयारियों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# टीईटी के विरोध में लामबंद हुए शिक्षक

- जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में पूरे प्रदेश के शिक्षक विरोध कर रहे है।

27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की बाध्यता लागू किए जाने के विरोध में शिक्षक लामबंद हो गए हैं। टीईटी के विरोध के क्रम में 22 फरवरी को ट्विटर अभियान चलाकर विरोध किया।

आंदोलन के दूसरे चरण में 23 फरवरी से 25 फरवरी तक कालीपट्टी बांधकर विरोध का कार्यक्रम चल रहा है। 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन और पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। 2011 से पूर्व से नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में कल की तरह आज भी विद्यालय में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए विरोध जताया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय टांडा वार्ड 7 ब्लॉक स्वार जनपद में भी विद्यालय के सभी स्टाफ ने अपनी दाहिनी भुजा पर काली पट्टी बांध कर, शिक्षण कार्य किया। विरोध जताया जिसमें मोहम्मद सईद सागर, सईदुज्जफर रहमानी, रशाना वारिस, आरिफ नाज आदि शामिल रहे।



काली पट्टी बांधे खड़े शिक्षक

## मुद्दे पर पुनर्विचार करने और शिक्षकों के हितों की रक्षा कराना

- जिला अधिकारी जनपद के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा



काली पट्टी बांधे खड़े शिक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए लगातार दूसरे दिन भी दाहिने हाथ पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपने राष्ट्रीय, प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार, आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में एक आंदोलन शुरू किया है। इसी के क्रम मेंफिर से द्वितीय दिन,जनपद के समस्त शिक्षकों ने दाहिनी भुजा पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया, जिससे उनकी इस मुद्दे पर विरोध और असंतोष व्यक्त किया जा सके। इस विरोध प्रदर्शन का एक हिस्सा परसों को एक्स पर भी दिखा था। जब शिक्षकों ने अपना विरोध प्रदर्शन एक्स पर टॉप ट्रेंडिंग में लाने के लिए एक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, शिक्षकों ने अपने विचार और विरोध व्यक्त करने के लिए एक्स पर पोस्ट किए। जिससे यह मुद्दा व्यापक रूप से ध्यान में आ सके। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के इस आंदोलन का उद्देश्य सरकार से इस मुद्दे पर पुनर्विचार करने और शिक्षकों के हितों की रक्षा कराना है। शिक्षकों का कहना है कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी जानी चाहिए।संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह और जिला महामंत्री अंजुम सक्सेना ने बताया कि 25 फरवरी तक दाहिने हाथ पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जाएगा। 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना और पैदल मार्च करते हुए जिला अधिकारी जनपद के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। अगर उस पर भी टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त नहीं किया जाता है,तो पूरे देश के शिक्षक मिलकर के दिल्ली के रामलीला मैदान में मार्च में महा रैली करने को मजबूर होंगे।

## क्षत्रिय महासभा धूमधाम से मनाएगा होली मिलन कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के कृष्णा विहार स्थित आवास पर होली मिलन समारोह को लेकर चर्चा की।पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। हर वर्ष की भांति होली मिलन समारोह एवं जिला वार्षिक उत्सव की शुरूआत राष्ट्रीय नायक महाराणा प्रताप की शोभायात्रा से होगा जो कि कृष्णा मंदिर से आरम्भ होकर साईं विहार स्थित ज्ञान सरोवर बैंकेट हाल तक जाएगी। होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे। राष्ट्रीय, प्रदेशीय और जनपद के क्षत्रियों से साथ विशिष्ट अतिथि में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, एम एल सी कुंवर महाराज सिंह,एम एल सी जय पाल सिंह व्यस्त, विधायक आदेश चौहान आदि उपस्थित रहेंगे।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी देवेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह वैदिक, धर्मपाल सिंह तोमर, उमेश सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, संजीव सिंह, राकेश सिंह, सुनील सिंह, रघुराज सिंह, शौर्य प्रताप सिंह , वंश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सीटेट के अर्हक अंकों में छूट देने का अधिकार एनसीटीई को

- सीबीएसई ने भारत सरकार को भेजी आख्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) में कार्यरत शिक्षकों को न्यूनतम अर्हक अंकों में शिथिलता प्रदान किए जाने के संबंध में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भारत सरकार को अवगत कराया है कि अंकों में छूट देने का अधिकार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल एवं जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने 1 दिसंबर को भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की थी। कार्यरत शिक्षकों को प्रतियोगी परीक्षार्थियों की भांति पर्याप्त तैयारी का समय नहीं मिल पाता। इसलिए उनके लिए पृथक मानक निर्धारित करते हुए न्यूनतम अर्हक अंक 45 प्रतिशत अथवा उससे कम किए जाने चाहिए। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अनुभाग अधिकारी प्रशांत माथुर ने सीबीएसई अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर इस विषय में आवश्यक कार्यवाही कर मंत्रालय को अवगत कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सीबीएसई के अवर सचिव (परीक्षा) विजय पाल सैनी ने मंत्रालय को भेजे पत्र में स्पष्ट किया कि सीटेट में अर्हक अंकों में शिथिलता प्रदान करने का अधिकार एनसीटीई के पास निहित है। इस संबंध में जिला मंत्री आनन्द प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शीघ्र ही एनसीटीई से संपर्क कर कार्यरत शिक्षकों को राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। देशभर में टेट प्रभावित शिक्षकों की संख्या लगभग 25 लाख बताई जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कार्यरत शिक्षकों को टेट संबंधी बाध्यता से शीघ्र राहत मिलेगी।

## परीक्षा आपके ज्ञान का परीक्षण: शिखा

- अंतिम दिनों में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र स्मार्ट प्लानिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सेंट पॉल्स स्कूल के दसवीं की हिंदी की अध्यापिका शिखा जोशी पंत का कहना है कि बोर्ड परीक्षा आपके ज्ञान का परीक्षण है। आपके व्यक्तित्व का नहीं, इसलिए इसे एक चुनौती की तरह लें, बोझ की तरह नहीं। इन अंतिम दिनों में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र 'स्मार्ट प्लानिंग' है। अपनी पढ़ाई की शुरूआत उन महत्वपूर्ण अध्यायों से करें जो परीक्षा में सबसे अधिक अंकदिलाते हैं। सब कुछ एक साथ पढ़ने के बजाय, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण करें और उन टॉपिक्स पर पकड़ मजबूत करें जो बार-बार पूछे जाते हैं।

याद रखें, अंतिम समय में नया सीखने से बेहतर है कि जो आपने पढ़ा है, उसका



बार-बार अभ्यास करें। पढ़ाई के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लें।आपका दिमाग तरोताजा रहे और आपकी एकाग्रता बनी रहे। जब आप परीक्षा हॉल में हों, तो प्रश्नपत्र मिलते ही घबराएं नहीं। पहले 15 मिनट पूरे पेपर को शांत मन से पढ़ें और एक मानसिक खाका तैयार करें। उत्तर लिखने की शुरूआत हमेशा उन सवालों से करें जिन्हें लेकर आप पूरी तरह आश्वस्त हैं; इससे न केवल आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि परीक्षक पर भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा। अपने उत्तरों को पैराग्राफ के बजाय स्पष्ट बिंदुओं में लिखें और महत्वपूर्ण शब्दों को रेखांकित करें। यदि कोई प्रश्न कठिन लगे, तो उस पर समय बर्बाद करने के बजाय आगे बढ़ें और अंत में उस पर विचार करें। समय का प्रबंधन ही एक टॉपर और औसत छात्र के बीच का अंतर होता है, इसलिए हर सेक्शन के लिए समय सीमा तय करें।अंत में, अपनी सेहत और नींद से कभी समझौता न करें। एक थका हुआ दिमाग कभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता। भरपूर पानी पिएं, पौष्टिक भोजन लें और कम से कम 6-7 घंटे की नींद सुनिश्चित करें। ताकि परीक्षा के दौरान आप पूरी ऊर्जा के साथ लिख सकें।परीक्षा आपके जीवन का केवल एक छोटा सा हिस्सा है, इसलिए परिणाम की चिंता छोड़कर केवल अपनी प्रक्रिया पर ध्यान दें। मुझे पूरा विश्वास है कि आपकी कड़ी मेहनत और सही रणनीति आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगी। मेरी शुभकामनाएं और आशीर्वाद सदैव आपके साथ हैं।

## 7.68 करोड़ रुपए से बनेगा पंजाबनगर-जौलपुर मार्ग, सैकड़ों गांवों का आवागमन होगा सुगम




जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग की ओर से 7.68 करोड़ रुपये की लागत से पंजाबनगर जौलपुर मार्ग बनाया जाएगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। कहा कि यह मार्ग बनने से न सिर्फ ग्रामीणों का आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भी यह अहम साबित होगा।

क्षेत्र की सबसे अहम पंजाबनगर जौलपुर मार्ग की हालत खस्ता थी। मार्ग संकरा होने के साथ ही साथ बदहाल था, जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती थीं। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थीं। जिसमें ग्रामीण चोटिल हो जाते थे। ऐसे में क्षेत्र के लोग काफी समय से मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। जिसके बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। शासन ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। जिसके बाद मंगलवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सभी समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी।सड़क पर चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और बेहतर जल निकासी व्यवस्था बनाई जाएगी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक संकेतक और अन्य व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की जरूरतों के अनुसार अन्य विकास कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे।

## 21 परीक्षार्थियों ने छोड़ी एकाउंटेंसी की परीक्षा

**रामपुर।** बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई की 12 वीं के विषय एकाउंटेंसी की परीक्षा हुई। जिसमें 1290 के सापेक्ष 1269 ने परीक्षा दी। जबकि 21 परीक्षार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। इसके अलावा 10 वीं के विषय की उर्दू की परीक्षा में 66 पंजीकृत में से सभी ने परीक्षा दी। जनपद में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 17 मंगलवार से शुरू हुई हैं। परीक्षा में 6100 विद्यार्थी पंजीकृत है। इनमें कक्षा 10 वीं 3400, 12 वीं 2700 परीक्षार्थी है। परीक्षा लिए ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी, दयावती मोदी अकादमी, केंद्रीय विद्यालय, सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सनवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, लीड इंटरनेशनल स्कूल स्वार, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर, ब्रहमदत्त स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, न्यू ऐज पब्लिक स्कूल बिलासपुर में बने केंद्र पर हुई है। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे समाप्त हुई। सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि मंगलवार को 10-12 वीं की परीक्षा हुई। जिसमें एकाउंटेंसी की परीक्षा में 1290 के सापेक्ष 1269 ने परीक्षा दी। 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## डीएम -एसपी ने किया प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया

- 50 से 90 प्रतिशत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना



प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत जिला अस्पताल में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक केंद्र का शुभारंभ करते हुए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने अतिथियों का फूल गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया । जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आम जनता को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। इसके आगे इसकी विशेषताओं के बारे में बताया जैसे

**सस्ती जेनेरिक दवाएं:** ये केंद्र ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले बहुत सस्ती दवाएं प्रदान करते हैं, जो जेब से होने वाले चिकित्सा खर्च को कम करते हैं।उच्च गुणवत्ता: कम कीमत होने के बावजूद, ये दवाएं उच्च गुणवत्ता वाली होती हैं और आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची के अनुरूप होती हैं। उत्पाद श्रृंखला: 2,000 से अधिक प्रकार की दवाएं और 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण इन केंद्रों पर उपलब्ध हैं। जिसका उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा और दवाएं उपलब्ध कराना। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय ने सभी का धन्यवाद किया।

## एआई समिट का विरोध कर कांग्रेस ने विश्व पटल पर खराब की देश की छवि : हरीश

- आंबेडकर पार्क में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, बोले कांग्रेसियों ने दिल्ली में किया घिनौना कृत्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** एआई समिट में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने के विरोध में भाजपाईयों में आक्रोश है। गुस्साए कार्यकताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि कांग्रेस की भारत विरोधी नीति के तहत एक बार फिर कांग्रेसियों ने घिनौने कृत्य को अंजाम देते हुए विश्व पटल पर देश की छवि को खराब किया है।

मंगलवार को भाजपा के नेता एवं पदाधिकारी जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में आंबेडकर पार्क पर एकत्रित हुए। इसके बाद कांग्रेस के खिलाफ नारे लगाकर तख्तियां दिखाते हुए प्रदर्शन करने लगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां लगातार देशहित के खिलाफ रही हैं और एआई समिट जैसे महत्वपूर्ण आयोजन का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्व पटल पर भारत की साख को ठेस पहुंचाने का यह सुनियोजित प्रयास है। कहा कि जब पूरा देश तकनीकी प्रगति और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब विपक्ष द्वारा इस प्रकार का व्यवहार राजनीतिक हताशा को दशार्ता है। कहा कि एआई समिट जैसे मंच भारत को वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की दिशा में आगे ले जाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे में विरोध का यह तरीका न केवल अनुचित है, बल्कि देश की गरिमा के भी खिलाफ है। उन्होंने कांग्रेस से इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। इस अवसर पर पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, मिलक नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, पारूल अग्रवाल, शकुन्तला लोधी, विकास दीक्षित, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, मदन चौहान, विवेक रूहेला, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद आहूजा, संजय चौधरी, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय को किया सम्मानित

- जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने की प्रशंसा



डॉ गौरव वार्ष्णेय को सम्मानित करते सीडीओ और डीआईओएस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए घोषित राज्य अध्यापक पुरस्कार के तहत जैन इंटर कॉलेज, रामपुर के रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय को मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने डॉ. वार्ष्णेय के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

सम्मान समारोह का आयोजन विकास भवन में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डॉ. गौरव वार्ष्णेय को प्रशस्ति पत्र, शॉल और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने कहा कि राज्य अध्यापक पुरस्कार केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि संपूर्ण जिले और शिक्षा समुदाय के लिए गौरव का विषय है।जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने डॉ. वार्ष्णेय के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने रसायन विज्ञान जैसे जटिल विषय को विद्यार्थियों के लिए सरल और रोचक बनाया है। उन्होंने प्रयोगात्मक शिक्षण, स्मार्ट कक्षाओं के उपयोग और परियोजना आधारित अधिगम को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किया है। डीआईओएस ने कहा कि डॉ. वार्ष्णेय की मेहनत का परिणाम है कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षाओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और उच्च शिक्षण संस्थानों में चयनित हो रहे हैं। डॉ. गौरव वार्ष्णेय पिछले 25 वर्षों से जैन इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार किया, बल्कि विद्यालय में प्रयोगशाला सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, नियमित प्रायोगिक कक्षाओं के संचालन और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया। उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है।कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी डॉ. वार्ष्णेय को बधाई देते हुए कहा कि उनका सम्मान पूरे जनपद के शिक्षकों के लिए प्रेरणा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि डॉ. वार्ष्णेय सदैव अनुशासन, समयबद्धता और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहे हैं। उन्होंने विद्यालय में सकारात्मक शैक्षिक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छात्र-छात्राओं ने भी अपने प्रिय शिक्षक के सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया। कई विद्यार्थियों ने कहा कि डॉ. वार्ष्णेय कठिन से कठिन अवधारणाओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाते हैं और हर विद्यार्थी को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार और प्रोत्साहन ने छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ डॉ. गौरव वार्ष्णेय को शुभकामनाएं दीं। राज्य अध्यापक पुरस्कार की यह उपलब्धि न केवल जैन इंटर कॉलेज बल्कि पूरे रामपुर जिले के लिए गर्व का विषय है। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी यह उपलब्धि अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी और निश्चित रूप से जिले में शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी।

# आयुष्मान एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में हो सुधार-डीएम

- **जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



बैठक को संबोधित करते डीएम

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई।जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी चिकित्सा अधीक्षक,प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का वेतन बाधित करते हुए निर्देशित किया कि अपने अधीन संचालित प्रत्येक ऑपरेटर आईडी से प्रतिदिन न्यूनतम 5 आयुष्मान कार्ड बनवाना तय करें। डीपीसी आयुष्मान भारत योजना में डॉ. नरेन्द्र को कार्य में अपेक्षित सुधार न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिदिन समीक्षा कर यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि कितनी ऑपरेटर आईडी से कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। ऐसी आईडी को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। समीक्षा के दौरान नगरीय क्षेत्र में कार्य निष्पादन संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए मोहल्ला पुराना आवास विकास कॉलोनी, थाना कुण्डा, तिलक कॉलोनी, दरख्तखिन्नी, इन्द्रा कॉलोनी, मस्जिद काले खां, साई विहार एवं घेर तोगा क्षेत्र की कुल 8 आशा कार्यकताओं को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण सेवा से हटाने की कार्रवाई की।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। आमजन को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराया जाए। डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि ग्राम सचिवों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को गति दी जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी कोटे दारों की अनिवार्य रूप से ऑपरेटर आईडी बनवाकर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड तैयार कराए जाएं।

जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों के भुगतान में विलंब पाए जाने पर संबंधित नोडल अधिकारी का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने के निर्देश दिए।वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 23 मातृ मृत्यु रिपोर्ट होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि किसी भी प्रकरण में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित चिकित्सा अधीक्षक,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उत्तरदायी होंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि टीकाकरण सत्र में आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की जांचें एमसीपी कार्ड में अनिवार्य रूप से अंकित कराई जाएं। डीपीओ, आईसीडीएस को वीएचएनडी सत्रों में लॉजिस्टिक की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष, महिला चिकित्सालय, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एडीएम ने शाहबाद तहसील का किया वार्षिक मुआयना



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** मंगलवार को रामपुर जनपद के एडीएम वित्त संदीप कुमार वर्मा ने शाहबाद तहसील का वार्षिक मुआयना किया। तहसील के मुआयने के दौरान एडीएम संदीप कुमार वर्मा ने एसडीएम ऑफिस, आरके दफ्तर, रिकॉर्ड रूम, खतौनी रूम का दौरा कर अभिलेख चेक किए। वार्षिक मुआयने के दौरान एडीएम संदीप कुमार वर्मा व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखाई दिए साथ ही साथ साफ सफाई को ओर बेहतर करने के लिए संबंधित को दिशा निर्देश दिए। मुआयने के दौरान कुछ रजिस्टर अपडेट नहीं थे, जिनको अपडेट करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम आशुतोष कुमार, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, नायब तहसीलदार हरीश जोशी समेत सभी लेखपाल मौजूद रहे। उधर वकीलों द्वारा तहसील के सामने तालाब की भूमि पर कब्जा हटाए जाने की शिकायत की गई। वकीलों की मांग पर एडीएम संदीप कुमार वर्मा ने विवादित भूमि का मौका मुआयना भी किया।

## सड़क बनवाने को दुकानदारों ने दिया धरना, लगाए नारे

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** सरार्फा बाजार से लेकर पान दरीबा तक की उधड़ी हुई सड़क बनवाने को लेकर दुकानदार उत्तेजित हो गए। क्रोधित दुकानदारों ने सड़क पर जाम लगा दिया। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। दुकानदारों का कहना है कि सड़क को नगर पालिका ने बजट में पास कराया गया था। लेकिन उसके बाद भी यह सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। कहा कि किला गेट पान दरीबा से जमा मस्जिद सराफा बाजार की मुख्य सड़क है।

सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है माल की रिक्शा पलट रही है और धूल मिट्टी से व्यापारी परेशान है। यह सड़क पिछली 20 वर्ष पुरानी हे इस सड़क का निर्माण न होने की वजह से रोजी रोटी का संकट हो रहा है, इससे व्यापारियों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जब पालिका के पास कोई बजट नहीं है। तो सड़क क्यों खोदा गया है।

# नम आंखों के साथ हुआ दोनों छात्रों का अंतिम संस्कार

- **सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए श्मशान घाट पर पुलिस बल तैनात रहा**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**दढ़ियाल।** नगर के चार युवक एक बाइक पर सवार होकर यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से तीन छात्र सड़क हादसे का शिकार हुए हो गए थे। दो छात्रों का अंतिम संस्कार सोमवार देर शाम किया गया। उनके शव घर पहुंचने पर हर आंख नम हो गई। रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था। दोनों छात्रों के शवों को एक साथ घर से श्मशान घाट ले जाया गया और अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए श्मशान घाट पर पुलिस बल तैनात रहा।

घटना सोमवार को हुई थी,जब एक बाइक पर सवार होकर 4 छात्र यूपी बोर्ड हाई स्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे। उनकी बाइक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई थी। जिसमें तीन छात्र विनय शर्मा (पुष्पेंद्र शर्मा के पुत्र) और मनु चौहान (अमित चौहान के पुत्र) के शव सोमवार की देर शाम उनके घर दढ़ियाल पहुंचने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम हो गई।रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था। दोनों छात्रों का अंतिम संस्कार बाजपुर मार्ग स्थित श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी मौजूद रहा।वहीं दूसरी ओर तीसरे छात्र अरुण सैनी (भगवान दास सैनी के पुत्र), जो मुरादाबाद के लाइनपार क्षेत्र के निवासी थे, का शव उनके परिजन मुरादाबाद ले गए। उनका अंतिम संस्कार मुरादाबाद स्थित श्मशान घाट पर संपन्न हुआ।

# बच्चों को डोम की सहायता से सौर मंडल की दी जानकारी

- **प्रधानाचार्या परमजीत ने एग्जिबिशन का फीता काटकर किया आयोजन**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**




बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल

**रामपुर।** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में एग्जिबिशन का आयोजन किया। इसमें बच्चों को डोम की सहायता से सौर मंडल की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल तथा विद्यालय की सम्पूर्ण काउंसिल बॉडी के साथ स्कूल बैंड बजाते हुए विद्यार्थियों के साथ विद्यालय में आए हुए लोटस अकादमी शीशगढ़, बहेड़ी से विद्यालय की मैनेजर सभ्यता सिंह, सह प्रधानाचार्य सोमपाल गंगवार, तथा विद्यालय को ऑर्डिनेटर सलोनी तथा मुरादाबाद से आए हुए स्कूल गुरु मोहित शर्मा के साथ तारक एजुकेशनल अकादमी के प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्या परमजीत कौर द्वारा एग्जिबिशन की फीता काटकर ओपनिंग सेरेमनी की गई।

एग्जिबिशन में विभिन्न प्रकार के विषयों को दशार्या। जैसे किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थियों ने उनको विद्यालय द्वारा दी जा रही लर्न विद फन की चीजों को दशार्या।इसके साथ उन्होंने वाटर ट्रांसपोर्ट, लैंड ट्रांसपोर्ट तथा एयर ट्रांसपोर्ट से संबंधित पूरी जानकारी देते हुए चोट लगने पर दी जाने वाले फर्स्ट एड को भी प्रदर्शित किया। वहीं दूसरी ओर विद्यालय से कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने क्ले वर्क तथा नेशनल सिंबल्स, कक्षा दो के विद्यार्थियों ने मोबाइल के लाभ तथा हानि के साथ साथ विभिन्न प्रकार की डॉल्स को भी दशार्या। कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा स्टोरी प्रेजेंटेशन दी गई, जिसमें उन्होंने शिकारी द्वारा दाना फेंककर कबूतरों को अपने जाल में फंसाना, शेर के जाल में फंस जाने के बाद उसके मित्र चूहे के द्वारा उसको आजाद करवाना तथा हाथी जैसे विशाल जानवर को उसके पैर में जंजीर बांध देने के बाद उसका कोई विरोध न करने जैसी कहानियों को पूरी जंगल थीम के साथ दशार्या।इसके साथ ही सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने विद्यालय में चल रही रोबोटिक्स, एबैकस के साथ साथ इंग्लिश स्पीकिंग की क्लासेज में मिलने वाली जानकारी को भी प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय द्वारा एग्जिबिशन में मैथ्स ट्रिक, विभिन्न प्रकार के विज्ञान के मॉडल, हिंदी के मॉडल तथा अन्य भी कई मॉडल प्रदर्शित किए। जैसे अनेकता में एकता को दशार्ता हुआ भारत का मॉडल, इंडिया गए, ऑपरेशन सिंदूर, जोरावर टैंक, शिवालिक आदि। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने हेल्दी और अनहेल्दी फूड तथा प्राचीन काल में चलने वाले बर्तनों के साथ तब के संचार साधन को भी दशार्या। एग्जिबिशन के माध्यम से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अलग अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को दिखाया। इसके साथ ही आगामी पर्व होली को भी ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों द्वारा भक्त प्रहलाद को दशार्ते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत को भी दिखाया। इसके साथ ही यह संदेश भी दिया कि हमें साफ तथा सुरक्षित होली खेलने पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सह प्रधानाचार्य अमित बैनर्जी के साथ विद्यालय को ऑर्डिनेटर में पूजा अरोरा तथा कुलदीप कौर के साथ कमला,दीपेंद्र, नेहा, दीपा, सुमैया,प्रीति, पवन, सिमरन, रिया, फौजिया, शाकीर अली, अदनान आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## एडीएम के निरीक्षण को पालिका प्रशासन ने की तैयारियां

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद में एडीएम के निरीक्षण को लेकर पालिका प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है साथ ही अधिशासी अधिकारी ने सभी पटलों को अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित हो। एडीएम के निरीक्षण को लेकर पालिका प्रशासन में खलबली मची हुई है।

11 अगस्त 2025 को तत्कालीन डीएम जोगिन्दर सिंह अचानक पालिका पहुंच गए थे। जहां उन्होंने निरीक्षण के दौरान गंदगी, फाइलों में अनियमितता, कर्मचारियों की गैरहाजिरी मिलने पर काफी नाराजगी जताई थी। बुधवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व के निरीक्षण को लेकर ईओ ने पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर कहा कि सभी अधिकारी- कर्मचारी कार्यालय में सुबह 10 बजे उपस्थित रहे। साथ ही पालिका के प्रत्येक कक्ष में साफ-सफाई का विशेष तौर से ध्यान रखा जाए। एडीएम के निरीक्षण को लेकर पालिका कर्मचारी तैयारियों में जुट गए हैं।

## राम रहीम सेतु पर मरम्मत कार्य के चलते भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

**रामपुर।** अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया है कि जनपद में शाहबाद रामपुर बाजपुर मार्ग एसएच-144 के किमी 33 पर स्थित राम रहीम सेतु रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत का कार्य 23 फरवरी से 23 मई के मध्य प्रस्तावित है। मरम्मत कार्य के तहत सेतु के बीयरिंग बदलने, जॉइंट्स प्रतिस्थापन सहित अन्य आवश्यक संरचनात्मक कार्य संपादित किए जाएंगे, जिससे सेतु की सुरक्षा एवं स्थायित्व सुनिश्चित किया जा सके।मरम्मत कार्य के प्रथम चरण में 23 फरवरी से 20 मार्च तक राम रहीम सेतु पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**शाहबाद।** तहसील शाहबाद के नदना गांव में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति किए जा रहे अवैध प्लॉटिंग कार्यों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। ग्राम नदना स्थित गाटा संख्या 140, रकबा 0.3880 हेक्टेयर पर मुबीन, राजकुमार और जब्बार द्वारा जिला पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किए बिना प्लॉटिंग का कार्य कराया जा रहा था।अनियमितता पाए जाने पर राजस्व विभाग एवं संबंधित विभागीय टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर नियमानुसार उक्त अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कराया गया। इसी क्रम में ग्राम नदना स्थित गाटा संख्या 40, रकबा 0.6400 हेक्टेयर पर सौरभ पुत्र सुफल कुमार देव द्वारा भी जिला पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभाव में अवैध रूप से प्लॉटिंग की जा रही थी। जांच उपरांत इस प्लॉटिंग को भी प्रशासनिक टीम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी से नक्शा स्वीकृत कराए तथा जिला पंचायत की आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## अधिशासी अधिकारी की तैनाती के लिए सभासद ने डीएम समेत अधिकारियों को भेजा पत्र,

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी में लगभग दो माह से अधिशासी अधिकारी के न होने से नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को नगर पंचायत कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं किसी को नौकरी शिक्षा तथा में योजनाओं में प्रमाण पत्र की आवश्यकता है तो किसी को मृत्यु के प्रमाण पत्र बैंको तथा अन्य कार्यों में लगाने की आवश्यकता है तथा कर्मचारियों को जनवरी माह का वेतन भी अभी तक नहीं मिल पाया है। होली पर्व के नजदीक आने के कारण कर्मचारीयौ को इस बार अधिशासी अधिकारी के न होने से होली पर्व पर भी सैलरी मिलना मुश्किल नजर आ रहा है जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सामूहिक विवाह योजना के फॉर्म भी अधर में लटके हुए हैं जबकि अप्रैल माह में शादियां प्रस्तावित है जिस कारण अभिभावक कार्यालय के लगातार चक्कर लगा रहे हैं। नगर के सभी विकास कार्य भी अधिशासी अधिकारी के न होने के कारण ठप पड़े हुए हैं।

# भाकियू ने उठाई किसानों की आवाज

- **विवादित भूमि पर एसडीएम से निष्पक्ष जांच की मांग**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**टांडा।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव मंजीत सिंह अटवाल के नेतृत्व में मंगलवार को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर से मिला और किसानों की विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ एक गंभीर भूमि विवाद से अवगत कराया।

मुख्य मुद्दा नगर के झंडा चौक, टांडा खास स्थित आराजी गाटा संख्या 70 का है, जिसके आंशिक भाग को शत्रु संपत्ति मानते हुए राजस्व विभाग ने सोमवार को एक बार फिर बोर्ड लगा दिया। किसान नेता मंजीत सिंह अटवाल ने एसडीएम को संबंधित भूमि के कागजात दिखाते हुए जोर देकर कहा कि किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि भूमि पर किसी किसान का अहित न हो और शत्रु संपत्ति का दावा सही साबित न होने पर कोई समस्या न आए। भाकियू किसानों के हक के लिए पूरी तरह खड़ा है। एसडीएम राजकुमार भास्कर ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा, यदि उक्त भूमि में शत्रु संपत्ति साबित नहीं होती, तो कोई समस्या नहीं होगी। किसानों सहित सभी नागरिकों के हितों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है और किसी के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की और एसडीएम से जल्द समाधान की अपील की। इस अवसर पर मंजीत सिंह अटवाल, गुरप्रीत सिंह अटवाल, जोगिंदर सिंह, साबिर अली, मजहर अली लाला, जलीस उर्फ भूरा, फरीद खा,उमर फारूक,हसीन खा, इंतिजार अली, मोहम्मद रफीक, मसरुफ अली, मोहम्मद तोकीर, अहमद, अहसान अली, जावेद, फरजन्द अली, सुहेल उर्फ कलुआ आदि किसान मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से गाय की मौत, केस दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद के रम्पुरा गांव के चौराहे कर डंपर ने एक गाय को टक्कर मार दी, जिसके चलते गौमाता की मौत हो गई। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के रम्पुरा गांव के चौराहे पर डंपर ने गाय को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद डम्पर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस संबंध में ग्राम रम्पुरा निवासी पवन कुमार पुत्र रामवीर सिंह ने शाहबाद थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि यह घटना ग्राम रम्पुरा चौराहे पर हुई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना शाहबाद बीएनएस भारतीय न्याय संहिता और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# शहजादनगर में म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट निर्माण पूर्ण

- **शीघ्र शुरू होगा कचरा प्रबंधन कार्य**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहजादनगर क्षेत्र में म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की स्थापना के उद्देश्य से वर्ष 2015 में 18 गाटा पर कुल 6.551 हेक्टेयर भूमि क्रय की गई थी। नगर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

उक्त स्थल पर 140 टीपीडी (टन प्रतिदिन) क्षमता के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के निर्माण का कार्य कार्यदायी संस्था सी एंड डी एस यूनिट-18, मुरादाबाद द्वारा वर्ष 2022 में प्रारंभ किया। निर्माण कार्य के तहत सभी सिविल स्ट्रक्चर का निर्माण पूर्ण कर दिनांक 23 जनवरी 2024 को प्लांट को औपचारिक रूप से नगर पालिका परिषद को हस्तांतरित कर दिया गया है। प्लांट के निर्माण हेतु शासन द्वारा रुपये 1490.32 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। उक्त धनराशि का नियमानुसार उपयोग करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा 23 जनवरी 2024 को उपयोगिता प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत कर दिया गया है। शीघ्र ही आवश्यक मशीनों के इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण कर शहर में ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं निस्तारण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। प्लांट के संचालन से नगर क्षेत्र में कचरा प्रबंधन व्यवस्था और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनेगी, जिससे स्वच्छता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ आमजन को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो।

# तालाब से अवैध कब्जा हटाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

- **मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एडीएम संदीप कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**शाहबाद।** तालाबों की जमीन पर अवैध रूप से किए निर्माण को गिराए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एडीएम संदीप कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने लेखपालों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। मंगलवार को एडीएम राजस्व एफआर संदीप कुमार तहसील का मुआयना करने पहुंचे थे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एडीएम से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने दिए ज्ञापन में कहा कि तहसील परिसर में शौचालयों की मांग की। कहा कि लेखपाल स्थानांतरण के नाम पर मोटी रकम की मांग करते हैं। जिसके चलते कई-कई माह तक स्थानान्तरण अटक जाता है। अधिवक्ताओ ने कहा कि तहसील के सामने तालाब की भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया है। जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी से शिकायत के बाबजूद भी अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा सका है।इस मौके पर बार के अध्यक्ष तकरीर उर रहमान, आनंद पाल सिंह, रामौतार सिंह यादव, मनोज भारद्वाज, निधि गोपाल यादव, मासूम मियां, रेहान खां, जसवंत सिंह, सतेन्द्र यादव, फहीम अकरम आदि मौजूद रहे।

## तालाबों की भूमि से अवैध कब्जा हटाने को चलेगा अभियान

**शाहबाद।** क्षेत्र में स्थित तालाबों की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया जाएगा। राजस्व विभाग की टीम द्वारा शीघ्र ही चिन्हित स्थलों पर कार्रवाई की जाएगी। एडीएम संदीप कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर सार्वजनिक तालाबों पर अवैध निर्माण या कब्जे किए गए हैं, वहां की जांच कराकर संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई मामल में लाई जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न करें और यदि कहीं तालाब की भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी हो तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें।

**अधिवक्ताओं ने तहसील के सामने तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की है। इसके लिए उपजिलाधिकारी को बोला है कि इसकी जांच करें। यदि जांच में अवैध में कब्जा पाया जाता है, तो कार्रवाई की जाएगी।**
**संदीप कुमार, एडीएम वित्त**

# फजर की नमाज के बाद चली गोलियां, छात्रा समेत 6 घायल

● कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज जांच शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में फजर की नमाज के बाद मामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बच्चों के विवाद को लेकर बड़ों में हुई तकरार के बाद एक युवक ने तमंचे से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में कक्षा 5 की छात्रा समेत एक ही परिवार के 6 लोग गोली लगने और मारपीट में घायल हो गए।



मंगलवार सुबह पीड़ित परिवार के सदस्य फजर की नमाज पढ़कर घर लौटे थे, तभी बच्चों की किसी बात को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दूसरे पक्ष के एक युवक ने तमंचा निकालकर फायर झोंक दिया। गोलीबारी में इकरा हसन पुत्री इब्ने अली, सलमा पत्नी इब्ने अली, समत पुत्र इरशाद, नहींमा पत्नी शमीम, विरासत पुत्री शौकत अली और इब्ने अली पुत्र शौकत अली घायल हो गए। विशेष रूप से कक्षा पांच की छात्रा इकरा हसन के सिर में गोली लगी है। जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद सभी घायलों को कोतवाली लाया गया, जहां से पुलिस ने उन्हें तुरंत नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल और इलाज के लिए भर्ती कराया। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा।आरोपियों की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी ने बताया कि बच्चों के विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई थी,वहीं मारपीट के दौरान एक पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिससे कई घायल हो गए।पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दी कंप्यूटर शिक्षा की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** मंगलवार को महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का उद्घाटन समाजसेवी एवं शिक्षाविद् तुषित गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बौनावाली डगरोली में किया।

निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास के लिए युवा के माध्यम से कंप्यूटर भाषाओं के क्षेत्र में विशेष जानकारी देते हुए कहा की हमें अपने युवा वर्ग को आज की मांग के अनुसार ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशिक्षित करना चाहिए। आज के युग में कंप्यूटर भाषाएं जैसे सी, सी++ नेट आदि भाषाओं में किसी भी भाषा का कुशल प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए। जिससे हमारे युवा समाज के लिए रोजगार के



शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राएं

विभिन्न अवसर प्राप्त होंगे। तभी हमारा राष्ट्र विकसित भारत 2047 के सपने साकार करने में सफल होगा। बताया की कंप्यूटर भाषा में रोजगार के हजारों अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कंप्यूटर भाषाओं के प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, मनोज कुमार शर्मा, लोकेश कुमार, विनोद गुप्ता, अतुल शर्मा, निशा, निगम, परीक्षित कुमार, प्रियंका, रितिक कुमार, सृष्टि, वर्षा, तिलक राम, नीलू सैनी, मोनिका, शीतल, दीपक, काजल, अक्षय, अजीत कुमार, आकाश सहित सभी स्वयंसेवी मौजूद रहे।

## भाकियू शंकर का तहसील पर प्रदर्शन



किसानों को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह

**हसनपुर।** मंगलवार को तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन शंकर ने एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सोपा ज्ञापन के बाद मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि गांव डोमखेड़ा में निमार्णाधीन बिजली घर का रास्ता नक्शे में दस मीटर है, लेकिन मौके पर बेहद संकरा है। तहसील प्रशासन बार-बार मांग के बाद भी इसका चौड़ीकरण नहीं कर सका है।

संगठन ने विस्तार करते हुए ज्योति चौहान को महिला मोर्चा का तहसील अध्यक्ष मनोनीत कर शपथ दिलाई। अंत में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायक तहसीलदार मनोज कुमार को सोपा, ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि आवारा कुत्तों व गोवंश के आतंक, चकबंदी भ्रष्टाचार, भू-माफिया से कब्जा मुक्त कराने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने और गन्ना चीनी मिल के विस्तारीकरण जैसी माँगें शामिल रहीं।बैठक की अध्यक्षता राकेश चौहान ने की तथा संचालन वीर सिंह के द्वारा किया।इस दौरान धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, नेमपाल सिंह, नेतराम सैनी, प्रधान लोकेश चौहान, जगत सिंह सैनी, नरेश खारी, विक्रम पवार, मोजीरामपाल, सुखबीर भगत, मोनू चौधरी, मदन सैनी, जगत सिंह, मुकुट लाल सैनी, राजपाल सैनी, मौ. अहसान, प्रधान हरि सैनी, सत्य प्रकाश, इफ्तार, उवेश, ओमपाल, गोविंदा, अमर सिंह, हरपाल सिंह, भारत राम, विनोद, रामस्वरूप, वीर सिंह सैनी, शिवनाथ सिंह, चंद्रपाल, कौशल सैनी, मौ. अख्तब, बबीता रानी, ज्योति चौहान, बीना शर्मा, मुन्नी शर्मा, विमला देवी, इंद्रावती सैनी, रूपवती, सत्य कृष्णा, दीपिका, बृजेश चौहान, बुकेश चौहान और सरोज सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर कार्य का किया निर्वहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार किया। उत्तर प्रदेश में जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने हेतु टी ई टी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे प्रदेश के शिक्षकों में रोष व्याप्त है ,उत्तर प्रदेश के शिक्षक संगठन अपने-अपने बैनर तले अलग-अलग आंदोलन कर रहे थे, किंतु अब सभी मान्यता प्राप्त संगठन एक ही बैनर तले टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत अपना विरोध जता रहे हैं जिसमें सर्वसम्मति से संगठन ने यह निर्णय लिया,कि 23 फरवरी से सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे और 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर बी एस ए कार्यालय से जिला अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए जिला अधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। ब्लॉक क्षेत्र के गांव




हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक

गलसुआ स्थित कंपोजिट विद्यालय में सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा अपने कार्य का निर्वहन किया इसमें जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उज्जवल सिंह वर्मा , प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री इरशाद अली ,अश्वनी कुमार, दिग्विजय सिंह, अलका रानी , अतुल कुमार,कमल कुमार शर्मा, राशिद अली आदि ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया।

# अवैध शराब और जुए के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन



जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव में अवैध शराब और जुए के बढ़ते कारोबार से परेशान होकर दर्जनों महिलाओं ने तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव तिगरिया नादिर शाह निवासी महिलाएं मंगलवार को तहसील परिसर पहुंची और उन्होंने उप जिला अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपपा । महिलाओं की अध्यक्ष राज बाला,व सचिव गोरिया के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि गाँव में परचून की दुकानों पर धड़ल्ले से देशी शराब बेची जा रही है और साथ ही कई लोग बड़े पैमाने पर जुआ खिलवा रहे हैं। हालात इतने बदतर हैं कि नशे और जुए के आदी लोग अपने मोबाइल, मोटरसाइकिल और घरेलू सामान तक गिरवी रख रहे हैं। गांव की शांति भंग हो रही है।परिवारों में कलह मची है।महिलाओं का गंभीर आरोप है कि अवैध शराब बेचने वाले और जुआ संचालक उन्हें पुलिस का डर दिखाकर धमकाते हैं। प्रदर्शनकारियों ने गाँव में शराब व जुआ विरोधी समिति के गठन की अनुमति और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में शकुंतला, शन्तिया, संतोष, नीरज, कांति, जगवती, रेखा, राम मूर्ति, डालवती, भागवती, माया, सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## चोरी के 12 दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

**हसनपुर।** थाना सैदनगली क्षेत्र के नगर पंचायत उझारी में पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। पीड़ित मोहम्मद सैफ के घर से 12 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर एक भैंस और 10 बकरियां 6 बकरे, 4 बकरी चोरी कर ली थीं। घटना के 12 दिन बीत जाने और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस अब तक खुलासा करने में नाकाम रही है।इस चोरी का सबसे दर्दनाक पहलू मंगलवार सुबह सामने आया, जब चोरी गई बकरियों के छोटे बच्चों की भूख और मां की कमी के कारण मौत हो गई। सैफ ने रुआंसे स्वर में बताया कि वे इन बच्चों को दूध पिलाकर पालने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मां के बिना वे बच नहीं सके।इसी बात से आक्रोशित नगर पंचायत के लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़ी मुश्किल से मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन उच्चाधिकारियों वह पुलिस अधीक्षक को गुहार लगाने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिला। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस मामले को टाल रही है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। प्रदर्शन करने वालों में जगराम गोस्वामी, विशेष कुमार, शौकीन, बिलाल और डॉ. सुधार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध अवस्था में मिला प्रेमी जोड़ा, मोहल्ले में हंगामा

**हसनपुर।** नगर के एक मोहल्ले में स्थित मकान में संदिग्ध अवस्था में प्रेमी जोड़ा मिलने के बाद मोहल्ले वासियों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को कोतवाली ले आई वहीं पुलिस जांच कर कार्रवाई करने की बातकह रही है। नगर के झकड़ी मार्ग स्थित एक मकान में उस वक्त अफरा-फरी मच गई, जब स्थानीय लोगों ने एक प्रेमी जोड़े को रंगे हाथों पकड़ लिया। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि घर में बाहरी युवक-युवतियों के आने-जाने से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस संबंध में पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को सब्र का बांध टूटने पर लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके भी पर पहुँची और स्थिति को संभाला। पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई, जहाँ उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शेरकोट।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की असामयिक मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला फतेहनगर निवासी शिवम सैनी (21 वर्ष) पुत्र रामदयाल सैनी सोमवार को किसी काम से ग्राम शहजादपुर गया था।बताया जाता है कि देर शाम वापसी के समय एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार दोपहर उनकी मृत्यु हो गई।मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और एक ब्रश फैक्ट्री में मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहयोग करते थे। युवक की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के लोगों ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## आवारा कुत्ते ने मासूम को नोचा

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला चामुंडा मार्ग पर मंगलवार दोपहर आवारा कुत्तों ने घर के बाहर खेल रहे नर्सरी के छात्र कुनाल पुत्र गौरव यादव पर एक आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। कुत्ते ने मासूम के बाँह पर गहरे जख्म कर दिए, जिससे वह लहूलुहान हो गया।चीख-पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने छात्र को बमुश्किल बचाया। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। मोहल्ले वासियों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे पूर्व भी कुत्ता मोहल्ले के ही सुनील और गंगा सिंह सहित आधा दर्जन लोगों पर हमला कर घायल कर चुका है। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# खो बैराज में कूदे युवक का चौथे दिन भी सुराग नहीं, परिजनों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरकोट / धामपुर।** शेरकोट स्थित खो बैराज में छलांग लगाने वाले धामपुर निवासी 22 वर्षीय योगेश सैनी का चौथे दिन भी कोई पता नहीं चल सका है। शनिवार को योगेश द्वारा अचानक बैराज में कूदने की सूचना के बाद से प्रशासन और गोताखोरों की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं, लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

तेज बहाव बना बाधा बताया जा रहा है कि बैराज में जलस्तर अधिक होने और पानी के तेज बहाव के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। गोताखोरों की टीम संभावित स्थानों पर तलाश कर रही है, वहीं पुलिस भी आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बनाए हुए है। प्रशासन का कहना है कि हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और अभियान लगातार जारी रहेगा। इधर युवक की बरामदगी न होने से आक्रोशित परिजन एसडीएम कार्यालय पहुंच गए और प्रदर्शन



रोते हुए पुलिस से वातालर्प करते परिजन

करते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि चार दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है, जिससे परिवार की चिंता बढ़ती जा रही है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय और थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता कर उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ तलाश अभियान चला रहा है और किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही।आश्वासन के बाद परिजन शांत हो गए, हालांकि परिवार में अब भी गहरी चिंता और मायूसी का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों से बचें और किसी भी सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस से संपर्क करें।फिलहाल पूरा क्षेत्र युवक की बरामदगी की प्रतीक्षा में है और रेस्क्यू टीम की कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# ग्रामीण बच्चों को मिले नए जूते

**स्योहारा।** संस्थापक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने सोमवार को अपने पैतृक गांव वजीरपुर जागीर में स्थित टेकचन्द सिंह मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। यह विद्यालय पिछले लगभग चार दशकों से उनके पूज्य पिता की स्मृति में संचालित हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सादगीपूर्ण आयोजन किया



गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचल के कई बच्चे संसाधनों के अभाव में बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में छोटे-छोटे प्रयास भी उनके आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति उत्साह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेष बात यह रही कि जूता वितरण का यह कार्य एक अमेरिकी बालिका के स्वेच्छिक श्रम और योगदान से संभव हो सका। बताया गया कि उक्त बालिका ने स्वयं प्रयास कर सहयोग राशि जुटाई, जिससे विद्यालय के बच्चों के लिए जूतों की व्यवस्था की गई। इस पहल को अंतरराष्ट्रीय सद्भाव और मानवता का सुंदर उदाहरण बताया जा रहा है।डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से अपील की कि वे ग्रामीण शिक्षा संस्थानों की सहायता के लिए आगे आएं।कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष नैपाल सिंह, प्रधानाचार्य युधवीर सिंह, अनिल कुशवाह, आनंद सिंह, नरेंद्र सिंह तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक कदम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने सहयोग देने वाली अमेरिकी बालिका के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और समाज के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है।ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई, बल्कि यह संदेश भी दिया कि संवेदनशीलता और सहयोग की भावना सीमाओं से परे होती है।

# खाद्य विभाग ने की छापेमारी, नमूने किये संग्रहित

● खाद्य सुरक्षा टीम के पहुंचने पर व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**किरतपुर।** रमजान व होली के त्यौहार के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर नगर मे छापेमारी कर अलग अलग खाद्य पदार्थ के कई नमूने लिए। नगर मे रमजान महा व होली त्यौहार के मद्देनजर पहल टुडे ने खुले मे खाद्य पदार्थ बिकने को लेकर प्रमुखता से सोमवार को एक समाचार प्रकाशित किया था। जिसका असर देखने को मिला ओर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नगर में एक विशेष अभियान चलाकर नगर की खाद्य पदार्थ की दुकानों पर छापेमारी



की कार्रवाई की। जिससे दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानों के शटर बंद हो गए। ओर नगर की के मुख्य बाजार की दुकानें दिन में ही बंद होने लगी।

अभियान के क्रम में विभिन्न प्रतिष्ठानों का ओचक निरिक्षण किया गया तथा संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित कर जांच हेतु भेजे गए। अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी नजीबाबाद नरेश कुमार ने बताया कि नगर से 3 नमुने संग्रहित किये गए जिसमे 1 सफेद रसगुल्ला छोटा जो कि इंतसार अहमद पुत्र अहमद अंसारी नवासी हसनपुरा का लिया गया, नगर के मुख्य बाजार से दो दुकानदारों से अलग-अलग रंग बिरंगे चिप्स का नमूना जिसको कचरी बोला जाता है उसका नमूना संग्रहित किया। मात्रा लगभग 1किलो 400 ग्राम बताई जा रही है ओर सभी मानूनों को विधिवत सील लगाकर रसायन प्रशिक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला वाराणसी (बनारस )को प्रेषित कर दिया गया है।संग्रहित किये गए नमूनों का दुकानदारों को विभाग कि ओर से कोई मूल्य अदा नहीं किया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम के पहुंचने की सूचना पर नगर के व्यापारी नेता प्रदीप अग्रवाल,मुकुल अग्रवाल व नरेश कालरा मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात करनी चाहि परंतु अधिकारी ने उनकी कोई बात ना सुनकर नमुने को संग्रहित किये जिस पर व्यापारी नेताओं की अधिकारियों से तु-तु मै-मैं भी हुई ।इस छापेमारी कि कार्यवाही से नगर के खाद्य दुकानदारों मै अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया ओर दुकानदार अपनी दुकानों के शटर बंद करते दिखाई दिए। जब खाद्य विभाग कि टीम नगर से चली गई जब जाकर दुकानदारो ने राहत कि सास ली।मुख्य खाद्य अधिकारी संजीव सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने मैं मिलावट पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठा के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी प्रशासन का उद्देश्य आमजन को रमजान महा व आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। अभियान टीम में मुख्य रूप से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सींग,देवेंद्र कुमार वर्मा बिजनौर खाद्य सुरक्षा अधिकारी व नरेश कुमार नजीबाबाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# एआई के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने विश्व समुदाय को यह स्पष्ट संकेत दे दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत अब नीति निर्धारण और वैश्विक दिशा तय करने वाला देश बन चुका है। 89 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी तथा 88 देशों द्वारा हस्ताक्षरित नई दिल्ली घोषणा ने भारत के मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को जब अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की, तब इसके साथ यह भी तय हो गया कि भारत अब एआई क्राति में आर्थिक, सामाजिक और नैतिक आयामों को समेटने वाला देश बनने जा रहा है।

दरअसल, नई दिल्ली घोषणा का मूल दर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस विचार में निहित है, जिसमें एआई को मानव कल्याण का साधन माना गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि यह घोषणापत्र सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से प्रेरित है। इसका उद्देश्य एआई संसाधनों और उसके लाभों को कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित रखने के बजाय पूरी मानवता तक पहुंचाना है। घोषणा में सात प्रमुख स्तंभों को आधार बनाया गया है; एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई, सुरक्षित और भरोसेमंद एआई, विज्ञान के लिए एआई, सामाजिक सशक्तिकरण, मानव पूंजी विकास तथा लचीली और ऊर्जा-कुशल प्रणालियां। यहां यह ढांचा वैश्विक सहयोग की नई संरचना प्रस्तुत करता हुआ दिखा है, जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करते हुए साझा प्रगति को प्राथमिकता दी गई है। 700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी

इस समिट ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया कि भारत एआई निवेश का नया वैश्विक केंद्र बन रहा है। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और अल्फाबेट जैसी दिग्गज कंपनियां एआई पर वैश्विक स्तर पर लगभग 700 अरब डॉलर तक पूंजीगत व्यय की तैयारी में हैं। भारत में बड़े औद्योगिक समूहों ने भी अभूतपूर्व निवेश योजनाओं की घोषणा की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लगभग 110 अरब डॉलर डेटा सेंटर और संबंधित अवसंरचना में निवेश की योजना बना रही है, जबकि अदाणी ग्रुप ने अगले दस वर्षों में 100 अरब डॉलर एआई आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए निर्धारित किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने इस दशक के अंत तक ग्लोबल साउथ देशों में 50 अरब डॉलर निवेश की दिशा में बढ़ने की बात कही है।

भारत की डिजिटल संप्रभुता की वैश्विक धाक

ओपनएआई और एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज ने टाटा समूह के साथ मिलकर भारत में एआई क्षमताओं को मजबूत करने का संकल्प लिया है। ब्लैकस्टोन ने भारतीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेयसा में 600 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। एनवीडिया ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने की घोषणा की है। ये निवेश केवल पूंजी प्रवाह नहीं हैं; ये भारत की डिजिटल संप्रभुता, डेटा अवसंरचना और तकनीकी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत हैं।

भारत अब वैश्विक तकनीकी विमर्श का केंद्र

समिट में वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की उपस्थिति ने भारत की बढ़ती साख को और मजबूत किया। ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन, अल्फाबेट के सुंदर पिचाई, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदेई और गूगल डीपमाइंड के डेमिस हासाबिस जैसे वैश्विक नेता इस आयोजन में शामिल हुए। निश्चित ही यह भागीदारी संकेत है कि भारत अब वैश्विक तकनीकी विमर्श का केंद्र बन चुका है। अमेरिका और भारत के बीच पैक्स सिलिका समझौते ने सिलिकॉन आधारित तकनीकों की वैश्विक आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने के सहयोग को नया आयाम दिया है। भारत द्वारा 18 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी देना इस रणनीतिक दृष्टि का आधार है।

एआई के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका समावेशी दृष्टिकोण है। यहां एआई को केवल कॉर्पोरेट लाभ का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का उपकरण माना जा रहा है। इसका सबसे सशक्त उदाहरण कृषि क्षेत्र में दिखाई देता है। इस संदर्भ में मुंबई में आयोजित इ्त्र४इद्दन्द्ध 2026 सम्मेलन को देखा जा सकता है, जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि भारत की अगली कृषि क्रांति एआई संचालित होगी।

इंडिया एआई मिशन, जिसका बजट 10,372 करोड़ रुपये है, स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग क्षमता, डेटा सेट और स्टार्टअप ढांचे को मजबूत कर रहा है। भारतजन के तहत विकसित इद्दन्द्ध घ्थ्न्थ्द्ब मॉडल 22 भारतीय भाषाओं में किसानों को सलाह प्रदान कर रहा है। यह भाषाई समावेशन एआई को वास्तविक अर्थों में जन-केंद्रित बनाता है। ड्रोन और उपग्रह आधारित मैपिंग से लेकर जलवायु पूर्वानुमान और जैव प्रौद्योगिकी तक, एआई का एकीकृत उपयोग कृषि को अधिक सटीक, टिकाऊ और लाभकारी बना रहा है। यदि 60 करोड़ किसानों की उत्पादकता में केवल 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो यह इस सदी का सबसे बड़ा गरीबी-निवारण अवसर सिद्ध हो सकता है, और भारत इस परिवर्तन का सह-निर्माता बन रहा है।

ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल बना भारत की ताकत

भारत की रणनीति का एक और महत्वपूर्ण आयाम ओपन-सोर्स और ऊर्जा-कुशल एआई मॉडल है। पश्चिमी देशों के बंद और पेटेंट-आधारित ढांचे के विपरीत, भारत सुलभ और पारदर्शी एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है। कम लागत वाले डेटा सेंटर, ऊर्जा दक्ष अवसंरचना और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटे, उद्देश्य-विशिष्ट एआई मॉडल भारत को व्यापक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में मोबाइल आधारित एआई समाधान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि तकनीक का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

भारत की जनसंख्या संरचना भी इस परिवर्तन को गति दे रही है। 1.4 अरब की आबादी, विशाल युवा प्रतिभा-आधार और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था इसे वैश्विक एआई हब बनने के लिए उपयुक्त बनाती है। आधार, यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मजबूत आधारभूत ढांचे एआई अनुप्रयोगों के लिए तैयार मंच प्रदान करते हैं। नीतिगत स्पष्टता, निवेश की बाढ़ और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का संयोजन भारत को एक अद्वितीय स्थिति में खड़ा करता है।

भारत विश्व व्यवस्था का एक प्रमुख एआई निर्माता बनने की ओर अग्रसर

अतः इस संदर्भ में कहना यही है कि नई दिल्ली घोषणा ने आज ये संदेश दिया है कि एआई का उद्देश्य दक्षता बढ़ाने के साथ ही समानता और समावेशन सुनिश्चित करना है। निवेश प्रतिबद्धताएं भारत को अवसंरचना और नवाचार की शक्ति प्रदान कर रही हैं, जबकि कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रयोग यह सिद्ध कर रहे हैं कि एआई जमीन पर वास्तविक परिवर्तन ला सकता है।

इस आधार पर यही सच प्रतीत होता है कि यदि बीती सदी औद्योगिक क्रांति की थी और वर्तमान सदी डिजिटल क्रांति की है तो आने वाला दशक एआई क्रांति का होगा। इस क्रांति की धुरी वही देश बन सकता है, जोकि तकनीक को मानव कल्याण से जोड़कर वैश्विक सहयोग का सेतु बन सके। साथ ही जिसमें नवाचार को समावेशी बनाने की क्षमता हो। कहना होगा कि आज ये संकेत स्पष्ट हैं; भारत उसी दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है और एआई के युग में विश्व व्यवस्था का एक प्रमुख निर्माता बनने की ओर अग्रसर है।

# आकर्षक शब्दों की आड़ में कार्यक्रमों की संख्या बढ़ी

कैलाश चन्द्र

पिछले वर्षों में 'वोक' और 'प्रगतिशील' जैसे आकर्षक शब्दों की आड़ में ऐसे कार्यक्रमों की संख्या बढ़ी है, जिनका उद्देश्य धीरे-धीरे सामाजिक मान्यताओं को परिवर्तित करना और नई मानसिकता को सामान्य बनाना है। इन आयोजनों में प्रस्तुत फिल्मों की विषयवस्तु पर दृष्टि डालने से स्पष्ट होता है कि कथा और कला के माध्यम से वैचारिक संदेश स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उदाहरणस्वरूप 'किस' (२०२२) और 'कुचुर (द इच)' जैसी फिल्मों की मूल थीम समलैंगिकता, किशोर मनोविज्ञान और आनंद की अवधारणा को एक विशेष दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इन फिल्मों के माध्यम से ऐसे विषयों को केंद्र में रखा गया है, जो भारतीय पारिवारिक और सामाजिक संरचना में संवेदनशील माने जाते हैं। निर्देशक वरुण ग्रोवर जैसे व्यक्तित्व, जो लंबे समय से वामपंथी विचारधारा के समर्थक माने जाते हैं और सरकार, भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर खुली टिप्पणियों के लिए चर्चित रहे हैं, ऐसे आयोजनों में प्रमुख स्थान प्राप्त करते हैं। तब स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि क्या करदाताओं के धन का उपयोग उन कार्यक्रमों के लिए किया जाना उचित है, जो भारतीय समाज की परंपरागत मान्यताओं और राष्ट्रवादी विमर्श की आलोचना को प्रोत्साहित करते हों। यह प्रश्न अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरोध का नहीं, बल्कि राज्य की वैचारिक तटस्थता और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व का है। वोक विचारधारा को यदि गहराई से समझा जाए तो यह महज सामाजिक जागरूकता का आंदोलन नहीं प्रतीत होती, सांस्कृतिक मार्क्सवाद की आधुनिक अभिव्यक्ति के रूप में उभरती है। इसका लक्ष्य समाज की पारंपरिक इकाइयों जैसे परिवार, धर्म, संस्कृति, स्त्री-पुरुष संबंध और नैतिक अनुशासन को पुनर्परिभाषित करना है। इस विचारधारा में व्यक्ति को सामूहिकता से ऊपर रखा जाता है, इच्छा को मर्यादा से अधिक महत्व दिया जाता है और आनंद को जीवन का मूल मूल्य घोषित किया जाता है। फिल्में और दृश्य माध्यम इस दिशा में अत्यंत प्रभावी साधन बन जाते हैं, क्योंकि वे भावनाओं, कथानक और कला के आवरण में विचारों को सहज रूप से स्थापित कर देते हैं। किशोरावस्था जीवन का अत्यंत संवेदनशील चरण है। इस आयु में प्रस्तुत कथाएँ और दृश्य लंबे समय तक मानसिक संरचना को प्रभावित करते हैं। यदि फिल्मों में किशोर पात्रों के माध्यम से समलैंगिक संबंधों या शारीरिक आनंद को केंद्रीय विषय बनाया जाए, तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव दूरगामी हो सकता है। 'किस' (२०२२) में दो किशोर लड़कों के बीच चुंबन को कथा का केंद्र बनाना और 'कुचुर (द इच)' में किशोरी के शारीरिक अनुभवों का सामान्य प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत करना कला की अभिव्यक्ति से आगे बढ़कर सामाजिक दिशा निर्धारण का प्रयास प्रतीत होता है। प्रश्न यह है कि क्या इन विषयों का प्रस्तुतीकरण मार्गदर्शन के उद्देश्य से है या प्रयोगवाद को प्रोत्साहन देने के लिए। भारतीय चिंतन में कामना और संबंधों को सदैव जिम्मेदारी, संयम और सामाजिक संतुलन के साथ जोड़ा गया है। यहां स्वतंत्रता का अर्थ उच्छृंखलता नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रण और कर्तव्यबोध से जुड़ा है। जब कला और अभिव्यक्ति के नाम पर किशोर जिज्ञासाओं को उन्मुक्त प्रयोग का क्षेत्र बना दिया जाता है, तब वह परंपरागत नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगाने के साथ-साथ भावनात्मक विकास को भी प्रभावित करता है। परिवार और संस्कार को दमनकारी संरचना के रूप में प्रस्तुत करना व्यक्ति को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से दूर ले जा सकता है। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे सामाजिक संतुलन को विचलित करती है और व्यक्तिवाद को बढ़ावा देती है। मीडिया का एक वर्ग ऐसे आयोजनों को मानवाधिकार और प्रगतिशीलता का प्रतीक बताता है। राष्ट्रीय दृष्टिकोण यह पूछता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा क्या है ? क्या स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक अराजकता है ?क्या कला का दायित्व समाज निर्माण है या विघटन ?विमर्श को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है मानो परंपरा समर्थक वर्ग अभिव्यक्ति का विरोध कर रहा हो, जबकि वास्तविकता में संघर्ष दो विचारधाराओं के बीच है। एक ओर हजारों वर्षों की सभ्यता से निर्मित सांस्कृतिक संरचना है, दूसरी ओर पश्चिम प्रेरित प्रयोगवादी प्रवृत्तियां। यह विषय किसी एक फिल्म फ़ेस्टिवल तक सीमित नहीं है। यह प्रश्न तय करेगा कि आने वाली पीढ़ियां किस मानसिकता के साथ विकसित होंगी, परिवार संस्था का भविष्य क्या होगा और समाज मर्यादाओं को कितना महत्व देगा। यदि विश्वविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय, पर्यटन विभाग और अन्य सरकारी संस्थान भी वैचारिक प्रयोगों के मंच बन जाएँ, तब यह सांस्कृतिक सुरक्षा का विषय बन जाता है। राज्य की भूमिका तटस्थ संरक्षक की होनी चाहिए, न कि किसी एक विचारधारा के संवाहक की। भोपाल फिल्म फ़ेस्टिवल एक उदाहरण के रूप में सामने आया है, जो दर्शाता है कि किस प्रकार वोक एजेंडा कलात्मक आवरण और मीडिया समर्थन के सहारे समाज में स्थान बनाने का प्रयास करता है। भारत हजारों वर्षों की सांस्कृतिक परंपरा वाला राष्ट्र है, जिसने अनेक वैचारिक आक्रमणों का सामना किया है। इस दृढ़ता को बनाए रखने के लिए समाज को सजग रहना होगा। कला को वैचारिक हथियार बनने से रोकना, करदाताओं के धन का उत्तरदायी उपयोग सुनिश्चित करना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है। भारत को अपनी आत्मा के साथ आगे बढ़ना है।

वर्तमान समय में भारतीय समाज एक ऐसे वैचारिक दौर से गुजर रहा है, जिसमें संस्कृति, परिवार, नैतिकता और राष्ट्रीय पहचान से जुड़े प्रश्न नए रूप में सामने आ रहे हैं। भोपाल फिल्म फ़ेस्टिवल को लेकर उठा विवाद किसी आयोजन की सामान्य नीति समीक्षा का विषय न होकर यह भारतीय समाज की वैचारिक दिशा और सांस्कृतिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। जिस आयोजन का सह-प्रस्तुतिकरण मध्यप्रदेश पर्यटन जैसे सरकारी संस्थान ने किया, वही मंच उन फिल्मों और व्यक्तियों को प्रदान करता दिखाई दिया, जो लंबे समय से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के विरोध में विचार अभियान चलाते रहे हैं। यह परिस्थिति संकेत देती है कि सांस्कृतिक क्षेत्र में एक सुनियोजित वैचारिक प्रवाह सक्रिय है, जिसका लक्ष्य समाज की पारंपरिक संरचनाओं को बदलना है।

पिछले वर्षों में 'वोक' और 'प्रगतिशील' जैसे आकर्षक शब्दों की आड़ में ऐसे कार्यक्रमों की संख्या बढ़ी है, जिनका उद्देश्य धीरे-धीरे सामाजिक मान्यताओं को परिवर्तित करना और नई मानसिकता को सामान्य बनाना है। इन आयोजनों में प्रस्तुत फिल्मों की विषयवस्तु पर दृष्टि डालने से स्पष्ट होता है कि कथा और कला के माध्यम से वैचारिक संदेश स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उदाहरणस्वरूप 'किस' (२०२२) और 'कुचुर (द इच)' जैसी फिल्मों की मूल थीम समलैंगिकता, किशोर मनोविज्ञान और आनंद की अवधारणा को एक विशेष दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। इन फिल्मों के माध्यम से ऐसे विषयों को केंद्र में रखा गया है, जो भारतीय पारिवारिक और सामाजिक संरचना में संवेदनशील माने जाते हैं।

निर्देशक वरुण ग्रोवर जैसे व्यक्तित्व, जो लंबे समय से वामपंथी विचारधारा के समर्थक माने जाते हैं और सरकार, भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर खुली टिप्पणियों के लिए चर्चित रहे हैं, ऐसे आयोजनों में प्रमुख स्थान प्राप्त करते हैं। तब स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि क्या करदाताओं के धन का उपयोग उन कार्यक्रमों के लिए किया जाना उचित है, जो भारतीय समाज की परंपरागत मान्यताओं और राष्ट्रवादी विमर्श की आलोचना को प्रोत्साहित करते हों। यह प्रश्न अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरोध का नहीं, बल्कि राज्य की वैचारिक तटस्थता और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व का है।

वोक विचारधारा को यदि गहराई से समझा जाए तो यह महज सामाजिक जागरूकता का आंदोलन नहीं प्रतीत होती, सांस्कृतिक मार्क्सवाद की आधुनिक अभिव्यक्ति के रूप में उभरती है। इसका लक्ष्य समाज की पारंपरिक इकाइयों जैसे परिवार, धर्म, संस्कृति, स्त्री-पुरुष संबंध और नैतिक अनुशासन को पुनर्परिभाषित करना है। इस विचारधारा में व्यक्ति को सामूहिकता से ऊपर रखा जाता है, इच्छा को मर्यादा से अधिक महत्व दिया जाता है और आनंद को जीवन का मूल मूल्य घोषित किया जाता है। फिल्में और दृश्य माध्यम इस दिशा में अत्यंत प्रभावी साधन बन जाते हैं, क्योंकि वे भावनाओं, कथानक और कला के आवरण में विचारों को सहज रूप से स्थापित कर देते हैं।

किशोरावस्था जीवन का अत्यंत संवेदनशील चरण है। इस आयु में प्रस्तुत कथाएँ और दृश्य लंबे समय तक मानसिक संरचना को प्रभावित करते हैं। यदि फिल्मों में किशोर पात्रों के माध्यम से समलैंगिक संबंधों या शारीरिक आनंद को केंद्रीय विषय बनाया जाए, तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव दूरगामी हो सकता है। 'किस' (२०२२) में दो किशोर लड़कों के बीच चुंबन को कथा का केंद्र बनाना और 'कुचुर (द इच)' में किशोरी के शारीरिक अनुभवों को सामान्य प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत करना कला की अभिव्यक्ति से आगे बढ़कर सामाजिक दिशा निर्धारण का प्रयास प्रतीत होता है। प्रश्न यह है कि क्या इन विषयों का प्रस्तुतीकरण मार्गदर्शन के उद्देश्य से है या प्रयोगवाद को प्रोत्साहन देने के लिए। भारतीय चिंतन में कामना और संबंधों को सदैव जिम्मेदारी, संयम और सामाजिक संतुलन के साथ जोड़ा गया है। यहां स्वतंत्रता का अर्थ उच्छृंखलता नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रण और कर्तव्यबोध से जुड़ा है। जब कला और अभिव्यक्ति के नाम पर किशोर जिज्ञासाओं को उन्मुक्त प्रयोग का क्षेत्र बना दिया जाता है, तब वह परंपरागत नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगाने के साथ-साथ भावनात्मक विकास को भी प्रभावित करता है। परिवार और संस्कार को दमनकारी संरचना के रूप में प्रस्तुत करना व्यक्ति को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से दूर ले जा सकता है। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे सामाजिक संतुलन को विचलित करती है और व्यक्तिवाद को बढ़ावा देती है।

मीडिया का एक वर्ग ऐसे आयोजनों को मानवाधिकार और प्रगतिशीलता का प्रतीक बताता है। राष्ट्रीय दृष्टिकोण यह पूछता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा क्या है ? क्या स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक अराजकता है ?क्या कला का दायित्व समाज निर्माण है या विघटन ?विमर्श को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है मानो परंपरा समर्थक वर्ग अभिव्यक्ति का विरोध कर रहा हो, जबकि वास्तविकता में संघर्ष दो विचारधाराओं के बीच है। एक ओर हजारों वर्षों की सभ्यता से निर्मित सांस्कृतिक संरचना है, दूसरी ओर पश्चिम प्रेरित प्रयोगवादी प्रवृत्तियां। यह विषय किसी एक फिल्म फ़ेस्टिवल तक सीमित नहीं है। यह प्रश्न तय करेगा कि आने वाली पीढ़ियां किस मानसिकता के साथ विकसित होंगी, परिवार संस्था का भविष्य क्या होगा और समाज मर्यादाओं को कितना महत्व देगा। यदि विश्वविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय, पर्यटन विभाग और अन्य सरकारी संस्थान भी वैचारिक प्रयोगों के मंच बन जाएँ, तब यह सांस्कृतिक सुरक्षा का विषय बन जाता है। राज्य की भूमिका तटस्थ संरक्षक की होनी चाहिए, न कि किसी एक विचारधारा के संवाहक की।

भोपाल फिल्म फ़ेस्टिवल एक उदाहरण के रूप में सामने आया है, जो दर्शाता है कि किस प्रकार वोक एजेंडा कलात्मक आवरण और मीडिया समर्थन के सहारे समाज में स्थान बनाने का प्रयास करता है। भारत हजारों वर्षों की सांस्कृतिक परंपरा वाला राष्ट्र है, जिसने अनेक वैचारिक आक्रमणों का सामना किया है।

# दिल्ली सरकार का एक साल और बदलाव की बयार

मनोज कुमार मिश्र

27 साल के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार ने साल भर के शासन में भविष्य की विकसित दिल्ली की ठोस बुनियाद रखी। 20 फरवरी,2026 को सरकार के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल के अपने सभी सहयोगियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस मौके पर पहला कदम बदलाव का, एक साल विकास का, नाम से एक बुकलेट भी जारी की गई। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बहाने बनाने के बजाए कड़ी मेहनत करके भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित दिल्ली बनाने के लिए हर दिन काम किए। 365 दिन में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर(डिस्पेंसरी) बने, इसकी संख्या इस साल 1100 करने का लक्ष्य है। पांच रुपये में गरीबों को भाजन उपलब्ध कराने के लिए 71 अटल कैंटीन शुरू की गई। अभी हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं। साल भर में ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सार्वजनिक परिवहन, प्रदूषण दूर करने, यमुना की सफाई और दिल्ली के मूलभूत ढांचे को बेहतर करने की ठोस बुनियाद रखी गई हैं। जन सुनवाई की हर स्तर पर व्यवस्था और आम जन की शिकायतों पर कड़ाई से अमल होना शुरू हो गया है। वैसे अभी सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। उसका सामना करने और उसका निबटारा करने के लिए सरकार को लगातार युद्ध स्तर पर काम करना होगा।

वादे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अब तक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। झुग्गी बस्तियों के लिए सात सौ करोड़ का बजट जारी किया गया है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22411 रुपये प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए 500 पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई-बसें चलाई जा रहा है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई- बाइक, ई-टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है। नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन-रात काम कर रही है। साल 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी। पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद उस सरकार ने कई ठोस काम किए। पहली बार यमुना के जल में राज्य की तरह दिल्ली को हिस्सा मिला। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकार बढ़ाकर बिजली बोर्ड बनाकर बिजली का उत्पादन बढ़ाया। नए स्कूल कालेज ही नहीं नया विश्वविद्यालय बनाया गया। नए अस्पताल बने और बड़ी संख्या में दिल्ली के हर कोने में निर्माण कार्य हुए।

वादे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अब तक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। झुग्गी बस्तियों के लिए सात सौ करोड़ का बजट जारी किया गया है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22411 रुपये प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए 500 पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई-बसें चलाई जा रहा है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई- बाइक, ई-टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है। नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन-रात काम कर रही है।

साल 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी। पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद उस सरकार ने कई ठोस काम किए। पहली बार यमुना के जल में राज्य की तरह दिल्ली को हिस्सा मिला। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकार बढ़ाकर बिजली बोर्ड बनाकर बिजली का उत्पादन बढ़ाया। नए स्कूल कालेज ही नहीं नया विश्वविद्यालय बनाया गया। नए अस्पताल बने और बड़ी संख्या में दिल्ली के हर कोने में निर्माण कार्य हुए। दिल्ली मेट्रो की नींव रखी गई।1984 के सिख दंगा पीडितों को न्याय दिलाने के प्रयास हुए। इस सिलसिले को 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई बनी कांग्रेस सरकार ने और आगे बढ़ाया। दिल्ली के मूलभूत ढांचे के विकसित करने की सर्वाधिक श्रेय शीला दीक्षित के जाता है। पूरी दिल्ली में काम हुए। दिल्ली फ्लाईओवर का शहर बना। असंभव माने जाने वाले बारापूला नाले को ढक कर कई किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बना। ऐतिहासिक सलीम गढ़ किला के ऊपर से सड़क निकाली गई। मेट्रो दिल्ली समेत पूरी एनसीआर(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में पहुंचा। 15 साल शीला दीक्षित के शासन के बाद आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी(आआपा) की दिल्ली में सरकार दस साल रही। बीच में करीब साल भर के लिए राष्ट्रपति शासन भी लगा। आआपा की अनुभवहीन सरकार ने कामकाज से ज्यादा विवाद ही किया। विकास कार्य पटरी से उतर गई। आम लोगों को लुभाने के लिए सरकार केवल मुफ्त की रेवड़ियां बांटती रही। इसी के बल पर वे दो बार प्रचंड बहुमत से विधानसभा चुनाव जीत गए। उसके बाद साल भर पहले भाजपा की सरकार बनी। चुनाव प्रचार में भाजपा के नेताओं ने बड़े-बड़े वादे किए थे। उनमें से कुछ पर तो अमल शुरू हो गए हैं लेकिन काफी काम अभी करने हैं। कायदे में आआपा शासन के दस साल ने दिल्ली में विकास की दिशा ही बदल दी थी। उसे वापस पटरी पर लाना भाजपा सरकार के लिए पहली चुनौती थी। उसमें वे कामयाब रहे। दिल्ली की समस्या अनोखी है। उसका इलाका तो 1483 किलोमीटर ही रहना है लेकिन आबादी बेहिसाब बढ़ रही है। दिल्ली की आबादी में हर साल पांच लाख अतिरिक्त आबादी जुड़ती है। देश की राजधानी होने और नोट-वोट की राजनीति में कोई भी राजनीतिक दल इस पर अंकुश लगाना नहीं चाहता है। दिल्ली का अपना कुछ नहीं है। मौसम से लेकर बिजली-पानी के लिए दिल्ली पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली की सड़कों भी एक सीमा से ज्यादा नहीं बढ़ सकती। शीला दीक्षित ने भी सड़क के ऊपर सड़क (डबल डेकर रोड) बनाने की योजना बनाई थी, उस पर अमल रेखा गुप्ता सरकार करने वाली है। सड़कों से वाहनों की भीड़ कम होना कठिन हो गया है। पेरेफ़ेरियल सड़कों के अलावा चार सौ किलोमीटर मेट्रो चलने और दिल्ली से मेरठ के लिए नमो भारत रेल शुरू होने आदि के बावजूद सड़कों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है। केन्द्र सरकार ने दो और रास्तों पर नमो भारत रेल चलाने की घोषणा की है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 5 हजार शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर आरटीई एक्ट के तहत 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में चल रहा तीन दिवसीय आंदोलन जनपद में दूसरे दिन भी जारी रहा। जनपद के लगभग 5 हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर अपने-अपने विद्यालयों में नियमित दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरकार के निर्णय के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। शिक्षकों ने इसे सेवा शर्तों में किया गया ह्लउत्पीड़नात्मक संशोधनह्व बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। उक्त जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि आंदोलन का नेतृत्व टीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ,जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र , जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मंगरे लाल एवं अन्य सहयोगी संगठन के जिलाध्यक्ष कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जिले भर के शिक्षकों ने एकजुट होकर विरोध जताया। नेतृत्वकताओं का कहना है कि नियुक्ति के समय निर्धारित सेवा शर्तों को पूर्ण कर लगभग 30 वर्ष पूर्व सेवा में आए शिक्षकों पर सेवानिवृत्ति के निकट टीईटी परीक्षा अनिवार्य करना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि आज सेवा शर्तों में इस प्रकार का परिवर्तन किया जाता है, तो भविष्य में वर्तमान में चयनित शिक्षकों पर भी इसी प्रकार के नए नियम थोपे जा सकते हैं। शिक्षकों की मांग है कि नियुक्ति के समय लागू सेवा शर्तें पूरे सेवाकाल में यथावत रहनी चाहिए। आंदोलन में प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ सहित कई शिक्षक संगठनों ने एकजुटता दिखाई है। जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि तीन दिवसीय काली पट्टी आंदोलन के उपरांत 26 फरवरी को दोपहर 2 बजे जनपद के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं बीएसए कार्यालय पर एकत्रित होंगे। वहां से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद देश की राजधानी दिल्ली में लाखों शिक्षकों द्वारा ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन किए जाने की भी घोषणा की गई है। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट किया है कि जब तक सेवा शर्तों में किए गए इस संशोधन को वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा।

# डीएम की सख्ती कस्तूरबा विद्यालयों में सीसीटीवी, सोलर और जेनसेट की होगी व्यवस्था



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्कूलों की पढ़ाई, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने स्कूलों में पठन-पाठन को बढ़ावा देने के लिए रोजाना अखबार मंगाने और लाइब्रेरी विकसित करने को कहा। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। लंबित डीबीटी को जल्द पूरा करने और आपार आईडी निर्माण में तेजी लाने को कहा गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की विशेष समीक्षा करते हुए डीएम ने 10 दिन से अधिक अनुपस्थित छात्राओं की जानकारी ली। सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में हों, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन स्कूलों में रोटी मेकिंग मशीन नहीं है, वहां उपलब्ध कराने को कहा गया। छात्राओं की सुविधा के लिए वाशिंग मशीन, 10 केवी जेनसेट और ओपन जिम की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी कस्तूरबा विद्यालयों में 25 केवी सोलर कनेक्शन लगाने को कहा गया। विद्यालयों की गतिविधियां आमजन तक पहुंचाने के लिए उनके फेसबुक पेज बनाकर एनआईसी वेबसाइट से लिंक करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, बीएसए दिव्या गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पेपर देकर लौट रहे छात्र पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**शाहजहांपुर।** शहर में परीक्षा देकर घर लौट रहे एक छात्र पर कुछ युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना सोमवार शाम कनौजिया अस्पताल के पास हुई। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हिमांशु तिवारी के रूप में हुई है, जो चैक कोतवाली क्षेत्र की तीन खंभे वाली गली का निवासी है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले उसका कुछ युवकों से विवाद हुआ था, जिसे पुरानी रंजिश माना जा रहा है। सोमवार को हिमांशु परीक्षा देकर लौट रहा था तभी कनौजिया अस्पताल के पास युवकों ने उसे घेर लिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल छात्र सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही घायल को अस्पताल भेजा गया है।

# लाट साहब जुलूस व होलिका दहन की तैयारियां तेज



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** आगामी छोटे और बड़े लाट साहब के जुलूस तथा होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट समेत संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने ड्यूटी क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें और स्थानीय लोगों से समन्वय बनाएं। जुलूस मार्ग पर ढीले बिजली तार ठीक कराने, ट्रांसफार्मर सुरक्षित ढकवाने और आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए गए। निर्देश दिया गया कि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी समय से पहले अपना स्थान नहीं छोड़ेंगे। जुलूस के दौरान निर्धारित मार्गों पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। होलिका दहन स्थलों पर साफ-सफाई, बालू और अन्य सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। कार्यक्रम पारंपरिक स्थानों पर ही कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जुलूस के दौरान तीन एंबुलेंस और पर्याप्त दवाओं की व्यवस्था करने को कहा गया है। नगर निगम को जुलूस मार्ग पर पानी के टैंकर और साफ-सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि जुलूस मार्ग को जोन और सेक्टर में बांटकर पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। पर्याप्त रिजर्व पुलिस भी तैनात रहेगी। बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से होली के त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का आह्वान किया।

# नगर निगम में जनसुनवाई, 7 शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**शाहजहांपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने की। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली जनसुनवाई में शहर के लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। जनसुनवाई में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण और कर विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कुल 7 शिकायतें दर्ज की गईं। नगर आयुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समय से निस्तारण किया जाए। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और शहरवासी मौजूद रहे।

## एक वर्षीय कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहाँपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, के शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में एक वर्षीय कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष व महिला अभ्यर्थियों के लिए है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट निर्धारित है, साथ ही हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 31 मार्च तक शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर टंकण, सामान्य गणित, रीजनिंग, बुक कीपिंग, अकाउंटिंग, सचिवीय पद्धति और सामान्य ज्ञान जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। केन्द्र में सीटें सीमित हैं। संबंधित वर्ग के विकलॉग अभ्यर्थियों और कंप्यूटर व टंकण का पूर्व ज्ञान रखने वालों को प्रवेश में वरीयता दी जाएगी।

## नो-मैपिंग कार्य में ढिलाई पर डीएम सख्त, तीन अधिकारियों से मांगा जवाब

**शाहजहांपुर ।** कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 135 विधानसभा सदर क्षेत्र के ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर और पंचायत सचिव मौजूद रहे। बैठक का मुख्य विषय विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई था। समीक्षा के दौरान डीएम ने विधानसभा सदर में नो-मैपिंग कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाई। इस पर उन्होंने आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश और सुपरवाइजर विकास पाण्डेय से स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता देवेंद्र कुमार सहाय की प्रगति बेहद खराब पाए जाने और बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनसे भी जवाब मांगा गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को भेजे गए नोटिसों की सुनवाई प्राथमिकता पर जल्द पूरी की जाए। साथ ही लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से जुड़े मामलों का निस्तारण लगातार किया जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के जरूरी दस्तावेज ऐप पर अपलोड कराकर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूल-कॉचिंग जाते समय दो छात्राओं से छेड़छाड़

**शाहजहांपुर।** शहर में हाईस्कूल की दो छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिजनों ने चैक कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, चैक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की 15 वर्षीय छात्रा को एक युवक स्कूल और कोचिंग आते-जाते समय रोककर फब्तियां कसता था। पढ़ाई प्रभावित होने के डर से छात्रा ने यह बात घर पर नहीं बताई। सोमवार को परीक्षा देने जाते समय युवक ने उसे रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। किसी तरह छात्रा वहां से भागकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसी तरह एक अन्य 16 वर्षीय छात्रा ने भी शिकायत की है कि परीक्षा देकर लौटते समय उसी युवक ने उसे पकड़कर छेड़छाड़ की। शोर सुनकर राहगीर मौके पर पहुंच गए, जिससे आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने छात्राओं और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नगर राजनीति के चाणक्य पूर्व शिक्षकअशोक शर्मा का निधन

**तिलहर-शाहजहांपुर ।** प्रदेश स्तर तक राजनीति में खासी पैठ रखने और स्थानीय राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले सेवा निवृत शिक्षक अशोक शर्मा 75 का लंबी बीमारी के बाद रविवार रात निज निवास पर असामयिक निधन हो गया। जिनका मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे नगर के सरऊ श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया । मुखाग्नि बेटे विवेक शर्मा ने दी । उनके निधन की खबर मिलते ही तमाम लोग शोकग्रस्त हो उनके अंतिम दर्शनों के लिए निज निवास पहुंचे। बता दें कि शर्मा लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। वर्ष 2021 में उनकी धर्मपत्नी शोभा शर्मा का कोरोना काल में निधन हो जाने के बाद से वह बिस्तर के ही होकर



रह गए। विस्तर पर ही उनकी सेवा टहल होती रही। रविवार को उनकी हालत बिगड़ने पर उनके अनुज अरविंद शर्मा ने एक स्थानीय निजी अस्पताल में दिखाया। देर रात करीब 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली । विडंबना यह रही कि उनके इकलौते बेटे विवेक शर्मा पत्नी बच्चों के साथ चार दिन पूर्व रामेश्वरम धाम तीर्थ गए हुए थे। सेवक अनिल उनकी सेवा में तत्पर रहा। पिता के निधन की सूचना मिलते ही विवेक शर्मा सोमवार देर शाम साढ़े सात बजे तिलहर पहुंचे। दुनिया को अलविदा कर चुके पिता के शव दर्शन किए। दिवंगत अपने पीछे बेटे विवेक शर्मा, बहू डॉ श्रद्धा कौशल, बेटी स्वाति, डौली तथा नाती पौत्रों समेत परिजनों को बिलखता छोड़ गए हैं। मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे उनका सरऊ श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि बेटे विवेक शर्मा ने दी। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू,वरिष्ठ पत्रकार मो इरफान खान, मनोज प्रबल,सरदार शर्मा,पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता,आरएसएस के रघुवीर सहाय, सहकारी बैंक अध्यक्ष हेतराम गंगवार, चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता , पूर्व वाइस चेयरमैन सुशील बाबू गुप्ता,अरुण यादव चैनू, फरीद हुसैन,डॉ प्रमोद मिश्रा,विकास गुप्ता,अशोक रस्तोगी,अशोक गुप्ता,अशोक श्रीवास्तव,शिवओम मिश्रा,करुणा शकर शर्मा समेत तमाम लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी।

# वार्ड संख्या 8 में स्वच्छता अभियान चलाया गया

## वार्ड के 4 मेहनती कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** वार्ड संख्या 8 ब्रिज विहार में होली त्यौहार को देखते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत हर बीट पर सफाई कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी समझाई गई और उन्हें बताया गया कि जिस बीट पर सबसे बेहतर काम होगा, उन कर्मचारियों को होली के पावन पर्व पर पुरस्कार दिया जाएगा। पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने कहा, हमारे यहां कर्मचारी बहुत ही मेहनत के साथ काम करते हैं, फिर भी समय-समय पर सफाई अभियान चलाए जाते हैं ताकि खाली प्लाटों को बेहतर तरीके से साफ किया जा सके। हमने लोगों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास के एरिया को साफ-सुथरा रखें। जो चार सफाई कर्मचारी सबसे बेहतर काम करेंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सफाई इंस्पेक्टर सीबी सिंह ने बताया, हमारा उद्देश्य है कि वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। हमने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई करें और कूड़ा-कचरा निपटान सुनिश्चित करें।

हम लोगों के सहयोग से वार्ड को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सफाई नायक राजकुमार ने बताया कि हमारी पूरी टीम पार्षद रामबरन सिंह चंदेल की मंशा के अनुरूप कार्य कर रही है वार्ड के किसी भी व्यक्ति को परेशानी नहीं होने देते हैं ड्यूटी के दौरान हमारे सभी कर्मचारी मेहनत से काम करते हैं अगर कहीं भी पार्षद जी का निर्देश होता है कोई कमी होती है उसको तुरंत दूर करने का प्रयास किया जाता है और यह आगे भी चलता रहेगा इस अवसर पर सफाई नायक राजकुमार, एनिमेटर सरवन दीक्षित, आरके मिश्रा, आशीष भदोरिया और मोहल्ले के लोग शामिल रहे।

# मुकदमे की तारीख पर घर आए युवक ने लगाई फांसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के जिगनेरा गांव में 30 वर्षीय युवक ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है। वह फरुर्खाबाद से एक मुकदमे की तारीख पर घर आया था। जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार फरुर्खाबाद के शमसाबाद में एक ईंट भट्टे पर काम करता था। करीब पांच साल पहले गांव के ही एक व्यक्ति ने उस पर मुकदमा दर्ज कराया था। उसी मामले की तारीख पर पेश होने के लिए वह सोमवार को घर आया था। परिजनों के मुताबिक, सोमवार शाम मनोज घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार ने रातभर उसकी तलाश की। मंगलवार सुबह गांव के एक व्यक्ति ने खेत पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि सोमवार शाम गांव में कुछ महिलाओं ने मनोज के साथ मारपीट की थी, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। मृतक पांच भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नंबर का था। उसने गांव से करीब 300 मीटर दूर खेत में फांसी लगाई। थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# सड़क हादसे के घायल ने दरोगा के ऊपर थाने से गाली गलौज कर धक्का देकर भगाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**जैतीपुर (शाहजहांपुर)।** मडुरिया मोड़ पर सड़क हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति ने हल्का दरोगा पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि दरोगा ने उन्हें थाने से धक्का देकर बाहर निकाल दिया और गाली-गलौज की। पिटरहाई निवासी कल्लू गुप्ता, जो फल का ठेला लगाते हैं, ने बताया कि 9 दिसंबर को मडुरिया मोड़ पर एक दूध वाली पिकअप ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी थी। हादसे में उनका हाथ पांच जगह से टूट गया था। उनका लंबे समय तक जिला अस्पताल में इलाज चला। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने मामले में कई बार थाने में प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की। शिकायत के आधार पर हल्का दरोगा को जांच सौंपी गई। कल्लू गुप्ता के अनुसार, सुबह दरोगा ने उन्हें फोन कर थाने बुलाया। जब वह वहां पहुंचे तो दरोगा ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इस घटना से वह काफी आहत हैं और उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। इस मामले में थाना प्रभारी से संपर्क करने पर पीआरओ सूरजपाल पचैरी ने बताया कि इंस्पेक्टर साहब साक्ष्य संकलन के लिए बाहर गए हैं और मामले की जांच कराई जाएगी। इंस्पेक्टर प्रिंस शर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं, एसआई रविंद्र नाथ सिंह ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि आईजीआरएस पर की गई शिकायत की जांच के लिए कल्लू गुप्ता को थाने बुलाया गया था। ई-रिक्शा के संबंध में पूछताछ की जा रही थी, लेकिन वह बात को समझ नहीं पाए।

# प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे कुंवर जयेश प्रसाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुंवर जयेश प्रसाद ने प्रसाद भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में अपना स्पष्ट और दृढ़ मत व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माघ मेला के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा शंकराचार्य के स्नान को रोकना निंदनीय है और यह कदम धार्मिक तथा सांस्कृतिक परंपराओं के खिलाफ है। कुंवर जयेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि इस मामले में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आशुतोष पांडे का उद्देश्य केवल भ्रम फैलाना और आर्थिक लाभ लेना रहा है, और उनका इतिहास विवादों से भरा रहा है। कुंवर जयेश प्रसाद ने स्पष्ट किया कि शंकराचार्य केवल धार्मिक गुरु नहीं हैं, बल्कि समाज में नैतिक और सांस्कृतिक जागरण के प्रतीक हैं, जो सत्य और न्याय की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से अपील की कि शंकराचार्य के सम्मान, सुरक्षा और उनके विचारों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई आरोप या सामग्री है, तो उसे सार्वजनिक कर निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि समाज में फैली भ्रांतियाँ समाप्त हों और संत समाज की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। वार्ता के दौरान कुंवर जयेश प्रसाद ने नगर और जनपद की समसामयिक समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं की सक्रियता शहर में तेजी से बढ़ रही है और अवैध प्लॉटिंग से आम नागरिकों की मेहनत और जीवन प्रभावित हो रहा है। नगर निगम बनने के बाद शहर में जगह-जगह अव्यवस्था और दुर्घटनाएँ बढ़ गई हैं, जबकि गौ माता की रक्षा का ढोंग करने वाले स्वयं दस-दस छुट्टा पशु पालकर समस्या को और बढ़ा रहे हैं। कुंवर जयेश प्रसाद ने केंद्र और राज्य सरकार की जनपद में रोजगार सृजन में विफलता पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विगत 12 वर्षों में मोदी सरकार और पिछले 9 वर्षों में योगी सरकार द्वारा जनपद में एक भी ऐसा कारखाना स्थापित नहीं किया गया जो स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान कर सके। इसके विपरीत, केवल विदेशी यात्राएं और फिजूलखर्ची देखने को मिली है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री और मंत्रियों के नाम जफरी एपस्टिन की फाइल्स में आने और शंकराचार्य से इस मामले में सवाल पूछे जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने प्रदेशवासियों से संयम बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। कुंवर जयेश प्रसाद ने अंत में जोर देकर कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव संत समाज के सम्मान, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति की रक्षा के पक्ष में खड़ी रहेगी और इसके लिए लगातार प्रयासरत रहेगी।

# मस्जिद पुनर्निर्माण को लेकर गांव में तनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** मस्जिद पुनर्निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर निर्माण कार्य की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एहतियातन निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

क्षेत्र के ग्राम निस्वी में मस्जिद का पुनर्निर्माण कराया जा रहा था। जहां दूसरे समुदाय के लोगों ने निर्धारित दायरे से अधिक विस्तार में हो रहे निर्माण का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है की वर्तमान में निर्माण कार्य निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाया जा रहा है। मस्जिद के ऊपर मीनार बनाई जा रही है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मामले में ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी को सौंपा। विरोध दर्ज कराने के बाद ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। संबंधित लोगों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया है। कोतवाली में प्रदर्शन के दौरान वीडियो बना रहे एक युवक को सिपाही ने थप्पड़ जड़ दिया जिसके बाद ग्रामीण भड़क गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद कोतवाली पहुंचे हिंदू संगठन और बजरंग दल कार्यकताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। पीड़ित अरुण मौर्य गांव निवासी निस्बी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान मोहर सिंह, पुरान लाल, रामचन्द्र, अरुण, प्रदीप, भूप सिंह, मनोज, धर्मेंद्र मौर्य, अरुन, हेमपाल, राहुल, बाबूराम, अनुज आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



तहसील परिसर में एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते ग्रामीण

# फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर और अस्पतालों को किया जाए बंदः हनीफ



सीएमओ ज्ञापन सौंपते प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी व अन्य।

- **किसानों ने सीएमओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन सीएमओ को सौंपा। किसानों ने कहा है कि फर्जी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर फर्जी को बंद कराया जाए।

मंगलवार को प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी एकत्र होकर सीएमओ कार्यालय पहुंचे। मांगों को लेकर किसानों ने प्रदर्शन किया। जो लोग स्वास्थ्य के नाम पर धंधा चल रहे हैं वह अपना बोरिया बिस्तर बंद कर ले। अन्यथा बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान शोर शराबा सुनकर सीएमओ ने किसानों से आग्रह किया। प्रदर्शन करने वालों में मुराद खान, मुबारक, रफत खान, अखिल खान, हड़ताल सिंह यादव, सतनाम सिंह, मोहम्मद अहमद, आरिफ अली, मतलब हुसैन, गुड्डू, लियाकत खान, शकील अहमद, शकील खान पहलवान, शाने आलम, धर्मपाल सिंह, रणजीत सिंह, राजा बाबू, गुफरान अली, रिजवान अली, मुकेश कुमार, सोनू दीपक आदि मौजूद रहे।

## चार घंटे बंद रहेगी बिजली

**रामपुर।** सहायक अभियंता तकनीकी मोहम्मद इरफान ने बताया कि बुधवार को रजा बिजलीघर में 33 केवी लाइन का अनुरक्षण, पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति मोरी गेट, मिस्टन गंज, ठोठर, हजरतपुर, किशनपुर अटारिया, नालापार क्षेत्र की आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

## 60 परीक्षार्थी रहे अर्थशासत्र की परीक्षा से गैरहाजिर

**रामपुर।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड की परीक्षा कड़ी सुरक्षा में हुई। पहली पाली सुबह 8:30 से पूर्वान्ह 11:45 बजे, दूसरी पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक हुई। लेकिन दूसरी पाली में 60 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।पहली पाली में इंटरमीडिएट के छात्रों की कृषि की परीक्षा हुई। जिसमें 26 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं में 1525 के सापेक्ष 1465 परीक्षार्थियों ने अर्थशास्त्र की परीक्षा दी। जबकि 60 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि जनपद में मंगलवार को यूपी बोर्ड शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई, इंटरमीडिएट के 60 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

## खेलते-खेलते नाली में गिरा एक वर्षीय मासूम, हालत गंभीर

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम सीकरी बुजुर्ग में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया।खेलते-खेलते एक वर्षीय मासूम पानी से भरी नाली में गिर गया। घटना से परिवार और ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्राम निवासी नवाजिश का एक वर्षीय पुत्र आफियान घर के बाहर आंगन में खेल रहा था। परिजनों के अनुसार बच्चा घुटनों के बल चलते हुए चुपचाप घर के बाहर निकल गया। घर के पास से गुजर रही पानी की नाली खुली हुई थी, जिसमें वह अनजाने में गिर गया। कुछ देर तक जब बच्चा नजर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान मासूम आफियान नाली में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। तुरंत बच्चे को बाहर निकाला गया और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहटौर ले जाया गया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## निमार्णाधीन टंकी के पास अवैध रिवाल्वर समेत व्यक्ति गिरफ्तार

नहटौर। थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से .38 बोर का रिवाल्वर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार उसे मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर शादीपुर रोड पर नदी के पास निमार्णाधीन पानी की टंकी के आसपास घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई तो उसकी जेब से .38 बोर का रिवाल्वर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम विकास कुमार (46) निवासी ग्राम नरगदी नवादा बताया। जब पुलिस ने उससे हथियार का लाइसेंस मांगा तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।अपराध निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नूरपुर रोड पर बाइको की आमने-सामने की भिड़ंत

**नहटौर।** नूरपुर रोड पर सोमवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। ग्राम बिलासपुर निवासी अनिल (35) पुत्र मुलचंद अपनी पत्नी ममता (32) और 10 वर्षीय पुत्र आदित्य के साथ शादी समारोह में जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर नूरपुर क्षेत्र के गांव ढेला निवासी रूपचंद (35) पुत्र खुशीराज और चांदपुर क्षेत्र के गांव छोटा किरतपुर निवासी सुमन (45) पत्नी सुरेश सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत खतरे से बाहर बताई।

## पीडब्ल्यूडी ने नगीना - बूंदकी मार्ग के तिराहे की सड़क का चौड़ीकरण किया शुरू

**नगीना।** सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा नगीना - बूंदकी मार्ग के तिराहे की सड़क का चौड़ीकरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क का चौड़ीकरण होने से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों व राहगीरों को सुविधा होगी।नगीना -बुंदकी मार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सिद्धार्थ पट्रोल पंप के पास सड़क के दोनों और पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क को चौड़ीकरण करने का कार्य मशीनों व मजदूरों द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है इस मुख्य सड़क का चौड़ीकरण होने से जहां राहगीरों व छोटे बड़े वाहनों को यहां से गुजरने में सुविधा रहेगी।मार्ग व सड़क का चौड़ीकरण होने से इस मार्ग होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आयेगी उल्लेखनीय है कि मार्ग तंग होने के कारण पिछले काफी समय से इस स्थान पर सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी होती जा रही थी।

## दबंगों ने बुजुर्ग से की मारपीट

**अफजलगढ़ / बिजनौर।** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दुल्लीचन्दपुर में एक बुजुर्ग के साथ कथित सामूहिक मारपीट और सार्वजनिक अपमान का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीड़ित ने ग्राम प्रधान और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित तसलीम अहमद का आरोप है कि उन्होंने हाल ही में धामपुर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे और सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद से गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया था। तसलीम अहमद के अनुसार, गांव लौटते ही ग्राम प्रधान रमेश सिंह के पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि प्रधान का भतीजा आनन्द कुमार, जो स्वयं को बीएसएफ कर्मी बताता है, अपने साथियों अर्जुन, राजीव और दुष्यंत के साथ मौके पर पहुंचा।पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी, फिर सामूहिक रूप से मारपीट की।

# जंगल में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

- **सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पेड़ से युवक का शव लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त क्षेत्र के ग्राम कृपया हप्पू निवासी अखिलेश यादव 24 वर्षीय के रूप में की । परिजनों को सूचना देने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना का जायज लिया। शव को पेड़ से उतरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के पिता पर्वत सिंह ने बताया कि उनके पुत्र का विवाह 2 वर्ष पूर्व शहजादनगर के ग्राम सोनड्रा में हुआ था। सोमवार को बह अपनी ससुराल गया था जहाँ उसकी पत्नी और उसके सांडू के साथ कुछ कहा सुनी हुई। क्योंकि मृतक और उसकी पत्नी में शादी के बाद से ही कलेश चल रहा था। मंगलवार की दोपहर 12 बजे वह अकेला बाइक से मिलक लौट आया। इस दौरान मृतक ने अपने पिता से भी दोपहर 12 बजे फोन पर बात की थी। मंगलवार को शाम ग्राम नवदिया के ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मिली थी। फिलहाल मृतक के परिजनों ने कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी है। घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक गांव में रहकर खेती किसानी का कार्य करता था।



मौके पर जांच में जुटी पुलिस

# मानदेय वृद्धि पर शिक्षामित्रों ने जताया आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नहटौर।** मंगलवार को विधायक ओम कुमार के कैंप कार्यालय पर उस समय उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ से जुड़े जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए शिक्षामित्रों ने एकत्र होकर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित धन्यवाद पत्र विधायक को सौंपते हुए मानदेय वृद्धि सहित अन्य फैसलों के लिए कृतज्ञता प्रकट की।

संघ पदाधिकारियों के नेतृत्व में पहुंचे शिक्षामित्रों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उनका मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किए जाने से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर प्रयासरत शिक्षामित्रों ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए मानदेय से परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में राहत मिलेगी। शिक्षामित्रों ने यह भी कहा कि उन्हें कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आपात स्थिति में उपचार की सुविधा सुलभ हो सकेगी। इसके अतिरिक्त निकटतम विद्यालय में समायोजन के निर्णय से आवागमन की समस्या कम होगी और वे अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षण कार्य कर सकेंगे।

विधायक ओम कुमार ने शिक्षामित्रों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और सुझाव विस्तार से सुने। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षामित्रों से जुड़े विषयों को सरकार तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाता रहेगा।

# 13 दिन से लापता नाबालिक बालक की लाश सरसों के खेत में मिली

- **बालक 12 फरवरी से खाना खाने के लिए आटा चक्की से अपराह्न में घर पर आया था**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान (बदायूं)।** थाना कोतवाली सहसवान क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर बेला निवासी दयाराम पुत्र सेवाराम कश्यप ने थाना पुलिस को 16 फरवरी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पुत्र 14/ 15 वर्षीय गिरीश गांव में स्थित आटा चक्की दुकान से 12 फरवरी वर्ष 2026 को अपराहन 2:00 बजे के लगभग खाना खाने के लिए घर से आया था इसी बीच में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपने पुत्र को अपने परिचित रिश्तेदारों इधर-उधर तलाश किया परंतु उसका कुछ पता नहीं चला! प्रार्थना पत्र में दयाराम कश्यप ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र की हुलिया पुलिस को देखकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर उसे सकुशल बरामद करने की गुहार लगाइे। पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरीश की तलाश प्रारंभ कर दी। पुलिस को घटना दर्ज होने के 13 दिन बाद सूचना मिली की सरसों के खेत में ग्राम रसूलपुर बेला से 2 किलोमीटर दूर एक 14/ 15 वर्षीय युवक की निर्वस्त्र लाश पड़ी हुई है जो खून में लथपथ है पुलिस में मौके पर पहुंचकर दयाराम को बुलाकर शव पहचान के लिए कहा तो उसने अपने पुत्र गिरीश के रूप में शिनाख्त कर ली। दयाराम द्वारा अपने पुत्र की लाश को देखकर उसने अपने पुत्र की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए मौके पर ही दहाड़े मार कर रोना प्रारंभ कर दिया कुछ पल में ही भारी तादाद में ग्रामीण एवं उसके परिजन मौके पर पहुंच गए पुलिस ने मृतक बालक गिरीश के शव को सील करके पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा है।

# होली और ईद के त्यौहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीनाः** होली और ईद के त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें थाना प्रभारी ने कहा कि अमन शांति से खिलवाड़ करने वाले शरारती तत्व बख्शे नहीं जाएंगे।

शांति समिति की एक बैठक थाना परिसर में थाना प्रभारी अवनीत मान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ मंदिर के अध्यक्ष सलिल अग्रवाल प्रबंधक मुकेश अग्रवाल उर्फ आले व भाजपा के प्रमोद चौहान ने होली त्योहार के कार्यक्रम के विषय में बताया कि 28 फरवरी की दोपहर को द्वादशी को गीले रंग का जुलूस 3 मार्च को होली दहन और भगवान नरसिंह का जुलूस, 4 मार्च को दुलहैंडी के दिन सुबह को हवन गुलाल और दोपहर से गीले रंग का जुलूस निकाला जाएंगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी सभी जुलूस को शांतिपूर्ण निकलवाने में पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जिम्मेदार लोगों से सहयोग की अपील की है।थाना प्रभारी अवनीत मान ने कहा कि होली हो या ईद सभी त्योहार शांति सद्भावना का संदेश लेकर आते हैं इसलिए सभी त्योहारों को एक दूसरे की भावना का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि त्योहार की खुशी में खलाल डालने वाले किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे उन्होंने कहा कि जुलूसो की निगरानी ड्रोन कैमरो से की जाएगी। ताकि शरारत करने वाले शरारती लोग पुलिस की पकड़ में आ सके। चेयरपर्सन पुत्र एवं नगर पालिका अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील ने कहां के यह शहर हम सब का है और शांति व्यवस्था बनाए रखे जाने की भी जिम्मेदारी हम सबकी है इसीलिए होली और ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाएगा होली और ईद के मौके पर नगर क्षेत्र की विशेष सफाई और पथ प्रकाश व्यवस्था भी चाक चोबन कराई जाएगी ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो सके।

इस अवसर पर मुफ्ती ओवैस अकरम, सौरभ मित्तल, मुकेश कुमार, राजकुमार विश्नोई, गोपाल शर्मा, बृजमोहन उर्फ बली बिश्नोई, सिद्दीकी मुल्तानी, कपिल पवार सभासद सहित नगर के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# होली की भूमि पर भाजपा नेता ने किया कब्जा हजारों ईट भूमि पर रखवाई

## मजिस्ट्रेट ने पालिका व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से भूमि खाली कराई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान(बदायूं)।** उप जिला मजिस्ट्रेट साईं आश्रित शाखमूरी से मोहल्ले के ही एक सेवानिवृत्त फौजी ने शिकायत की की मोहल्ले सैफुल्लागंज में भाजपा नेता रजनीश पाठक द्वारा होली की भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया गया है भूमि पर लगभग 20 से 25000 लगी हुई है अगर भूमि को खाली नहीं कराया गया तो मोहल्ले के लोग होली पूजन नहीं कर पाएंगे जानकारी मिलते ही एसडीम ने तत्काल ने नायब तहसीलदार को मजिस्ट्रेट नियुक्त कर राजस्व टीम तथा पालिका प्रशासन की टीम को ले जाकर तत्काल भूमि खाली करने के साथ ही होली की भूमि पर कब्जा कर गए सामान को जप्त करने के निर्देश दिए जिस पर नायब तहसीलदार जितेंद्रकुमार अधिशासी अधिकारी डॉ राजेश कुमार जेसीबी मशीन के साथ टीम को लेकर मौके पर पहुंचे तथा भूमि पर कब्जा करने वाले भाजपा नेता को तत्काल भूमि खाली करने के निर्देश दिए परंतु भूमि पर अत्यधिक ईंटों होने के कारण भूमि खाली हो पाना असंभव था जिस पर प्रशासन ने कर्मचारियों के साथ जेसीबी मशीन के माध्यम से होली की भूमि पर पड़ी हुई लगभग 20 से 25000 इन्हें जेसीबी तथा ट्राला के माध्यम से भरवा कर होली की भूमि को खाली करा दिया।

प्रशासन के इस निर्णय की जमकर प्रशंसा हो रही है मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अब वह खुलकर होली का आनंद ले सकेंगे कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की पूर्व में होली के स्थान से थोड़ा बहुत सामान प्रशासन द्वारा हटवा दिया जाता था इस बार उपरोक्त भूमि से सभी अतिक्रमण हटा दिया गया जो मोहल्ले वासियों की एकता का प्रतीक है उन्होंने मोहल्ले के ही सेवा निवृत फौजी के साहस की जमकर प्रशंसा की तथा कहा कि उनके इस मामले में आ गया आने से प्रशासन द्वारा भूमि को खाली कर दिया गया।





# देश का खेल बजट 3700 करोड़, यूपीए सरकार से 5 गुणा अधिक : अनुराग सिंह ठाकुर

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि किया। वहीं कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में वॉलीबॉल संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मैदान में पसीना बहाने वाले युवा ही प्रदेश और देश का भविष्य संवारते हैं। उन्होंने नई पीढ़ी को खेलों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा हिमाचल को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र




सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में दायित्व संभालने पर देश का खेल बजट 800 करोड़ था, और आज देश का खेल बजट 3700 करोड़ है, जोकि यूपीए सरकार के खेल बजट से लगभग 5 गुणा अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में खेल क्रांति लाने के लिए अपनी खेल-खिलाड़ी हित की नीतियों के माध्यम से वचनबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के खिलाड़ियों द्वारा पदक जीतने पर या ना जीत पाने पर दोनों परिस्थितियों में मिलते हैं। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हैं। आज जब देश 2036 ओलंपिक मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है तो ऐसे में हमारी प्रदेश सरकार को भी इस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्रदेश में खेलों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ प्रदेश में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षकों की नियुक्तियां अति आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ भी अपनी ओर से विभिन्न खेलों में प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर गंभीरता पूर्वक कार्य कर रहा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा स्टेट चैंपियनशिप से खिलाड़ियों को आगे कैंप और सिलेक्शन के चरणों में मौका मिलता है। उधर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेलों की ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं और उन्हें नशे व अन्य सामाजिक कुरीतियों से दूर रखती हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी और युवा राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाएंगे।

# मूनी और गार्डनर के दम पर ऑस्ट्रेलिया की जीत, पहले वनडे में भारत 6 विकेट से हारा

ब्रिस्बेन। महिला वनडे विश्व कप जीतने के बाद अपना पहला एकदिवसीय मुकाबला खेल रही भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। एलन बॉर्डर फील्ड पर खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का कप्तान हरमनप्रीत कौर का फैसला भारत के लिए उल्टा साबित हुआ। अतिरिक्त उछाल का फायदा उठाते हुए मेजबान गेंदबाजों ने भारतीय शीर्ष क्रम को जल्दी झटका दिया। प्रतिका रावल खाता खोले बिना आउट हो गईं, जबकि शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स भी सस्ते में पवेलियन लौट गईं।



स्मृति मंधाना ने 68 गेंदों में 58 रन की पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की और हरमनप्रीत कौर (53) के साथ 48 रन की साझेदारी की। हालांकि मंधाना के आउट होते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई। दीप्ति शर्मा भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं। ऑस्ट्रेलिया की स्पिनर एशले गार्डनर (3/33) ने अहम विकेट झटके।

कश्वी गौतम ने 43 रन की तेज पारी खेलकर स्कोर को 214 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन पूरी टीम 48.4 ओवर में ऑलआउट हो गई। मेगन शुट ने दो विकेट लिए।

215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली (50) और फोएबे लिचफील्ड ने 55 रन की मजबूत शुरुआत दी। भारत को सफलता स्पिनर श्री चारणी ने दिलाई, जिन्होंने लगातार दो विकेट लेकर मैच में वापसी की कोशिश की।

इसके बाद बेथ मूनी ने 76 रन की संयमित पारी खेलते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। अंत में एनेबल सदरलैंड ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को 38.2 ओवर में 217/4 तक पहुंचा दिया। दो मैचों की वनडे सीरीज अभी बाकी है। भारत अब 27 फरवरी को होबार्ट में खेले जाने वाले दूसरे वनडे में वापसी की कोशिश करेगा। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज फिलहाल 4-4 अंकों की बराबरी पर है, जिसमें भारत ने टी20 सीरीज 2-1 से जीतकर चार अंक हासिल किए थे।

# 150 अंतरराष्ट्रीय मैच (कैप) पूरे करने पर हार्दिक बधाई दी

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के विश्वसनीय डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह को भारत के लिए 150 अंतराष्ट्रीय मैच (कैप) पूरे करने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट चरण में खेले जा रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के तीसरे मुकाबले में स्पेन के खिलाफ मैदान पर उतरते ही हासिल की। पंजाब के अमृतसर जिले के राजधान गांव से ताल्लुक रखने वाले जर्मनप्रीत सिंह ने अपनी सजग रक्षण कला, संयम और खेल की समझ के दम पर भारतीय टीम में खुद को एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने 2018 में नीदरलैंड में आयोजित पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, जहां भारत उपविजेता रहा था। यहीं से उनके सफल अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत हुई।



उनके करियर का एक स्वर्णिम क्षण तब आया जब उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह उपलब्धि भारतीय हॉकी के इतिहास में विशेष मानी जाती है और इससे टीम में उनकी अहमियत और मजबूत हुई। जर्मनप्रीत सिंह कई बड़ी सफलताओं का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने मस्कट (ओमान) में आयोजित पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में योगदान दिया, जबकि ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित इसी प्रतियोगिता में भारत के तीसरे स्थान पर रहने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा वह बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी रहे।

# बीड़-बिलिंग में 26 फरवरी से अंतरराष्ट्रीय माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता, 8 देशों के प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

एजेंसी

धर्मशाला, 24 फ़रवरी (हि.स.)। पैराग्लाइडिंग के लिए विश्वस्तर पर विख्यात बीड़ बिलिंग घाटी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने को तैयार है। इस बार मौका है यूसीआई अंतरराष्ट्रीय माउंटेन बाइकिंग प्रतियोगिता का जोकि यहां 26 से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता यूनाइटेड साइक्लिंग कंसलटेंट तथा बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता को साइक्लिंग फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया, इंडियन ओलंपिक काउंसिल से बाकायदा सैद्धांतिक मान्यता मिल चुकी है। प्रतियोगिता में जापान, मलेशिया, थाईलैंड, कज़ाख़िस्तान, इंडोनेशिया सहित कुल आठ देशों के प्रतिभागियों के अलावा




आईटीबीपी, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

यह जानकारी मंगलवार को बैजनाथ में आयोजित पत्रकार वार्ता में बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, प्रतियोगिता के तकनीकी निदेशक नमन बिज, सुरक्षा विशेषज्ञ सुरेश ठाकुर तथा सरंक्षक सुरेश ठाकुर ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका है कि हिमाचल प्रदेश की जिला कांगड़ा की इस घाटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को क्रॉस कंट्री, क्रॉस कंट्री एलिमिनेटर, शॉर्ट ट्रैक और डाउनहिल जैसे टास्क दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर आयोजित किया जाएगा जिसमें डॉप टेस्ट की प्रक्रिया प्रतियोगिता से पहले अपनाई जाएगी।

इससे पहले बीड़ बिलिंग में हैल रेस और एमटीवी साइकलिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। प्रतियोगिता निदेशक नमन बिज ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 फरवरी को सुबह 9 बजे फ्लैग ऑफ कर बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा करेंगे जबकि समापन समारोह में प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा विजेता प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक किशोरी लाल की मौजूदगी में पुरस्कृत करेंगे।

# सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम 18 से 22 मार्च तक करेगा इंडियन ओपन स्क्वैश की मेजबानी

एजेंसी

मुंबई । भारत में पेशेवर स्क्वैश के बढ़ते कद को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से इंडियन ओपन के 2026 संस्करण की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। टूर्नामेंट 18 से 22 मार्च तक मुंबई के ऐतिहासिक सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

पिछले वर्ष प्रतिष्ठित बॉम्बे जिमखाना में सफल आयोजन के बाद अब प्रतियोगिता अपने दूसरे संस्करण के लिए ब्रेबोर्न स्टेडियम में स्थानांतरित हो रही है। प्रोफ़ेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट का 2025 संस्करण वर्ष के शीर्ष 10 प्रतिष्ठित पीएसए आयोजनों में शामिल रहा था, जो भारतीय स्क्वैश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी गई। 2026 संस्करण में महिला वर्ग की गत चैंपियन अनाहत सिंह खिताब बचाने के इरादे से वापसी करेंगी। इसके अलावा भारत के शीर्ष पेशेवर खिलाड़ी




रमित टंडन, अभय सिंह, वीर चोत्रानी, वेलावन सेंथिलकुमार और जोशना चिनप्पा भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में याह्या एलनवासानी, हाना मोआताज़ और माज़ेन हेशाम सहित अन्य खिलाड़ी शामिल होंगे, जिससे मुकाबले का स्तर बेहद प्रतिस्पर्धी रहने की उम्मीद है। इस वर्ष पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 44,500 अमेरिकी डॉलर की समान पुरस्कार राशि दी जाएगी, जो भारत में आयोजित किसी भी स्क्वैश टूर्नामेंट के लिए पहली बार है। पीएसए कॉपर श्रेणी के इस आयोजन से पेशेवर स्क्वैश सर्किट में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा स्पष्ट होती है।

# अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 8.1 फीसदी रह सकती है जीडीपी ग्रोथ: एसबीआई रिपोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में देश की सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रह सकती है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने मंगलवार को जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रहने का अनुमान जताया है। सरकार ने बेस ईयर 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है, जिसके तहत जीडीपी के नए आंकड़े शुक्रवार, 27 फरवरी को जारी होंगे।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय नए बेस ईयर 2022-23 के आधार पर जीडीपी के आंकड़े जारी




करेगा। नया बेस ईयर डिजिटल कॉमर्स और सर्विस सेक्टर के बढ़ते प्रभाव को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। मंत्रालय की ओर से जीडीपी के पहली अग्रिम अनुमान रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है।

रेटिंग एजेंसी मूडीज एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट यह संकेत देती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 15 फीसदी एकमुश्त टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड और विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के व्यापारिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं। अमेरिकी व्यापार नीतियों में हो रहे बड़े बदलावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत घरेलू आधार के दम पर मजबूती से खड़ी है।

# सिरसाः राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिकाः कुलपति

सिरसा। चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की सशक्त नींव उसके विद्यार्थी होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने, अपनी दक्षता बढ़ाने और प्रत्येक कार्य में निपुण बनने का आह्वान किया।

कुलपति प्रो. विजय कुमार मंगलवार को विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद खिलाडि़यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की नींव को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित होना चाहिए। कुलपति ने टीम भावना के साथ खेलने, विश्वविद्यालय का प्रत्येक स्तर पर गौरव बढ़ाने तथा स्वयं को शारीरिक रूप से फिट रखते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

सीडीएलयू के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखती हैं।




उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा जताई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और अन्य युवाओं को भी खेलों से जोडक़र जागरूक करें। खेल प्रतियोगिताओं की 800 मीटर दौड़ में रमनदीप कौर प्रथम, रचना द्वितीय तथा किरण ने तृतीय स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में अमनदीप ने पहला, दयानंद ने दूसरा तथा सुनील कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर डीन छात्र कल्याण प्रो. राजकुमार, प्रो. ईश्वर मलिक, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. अशोक शर्मा, प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई, प्रो. राम मेहर दीक्षित, प्रो. अशोक मलिक, डॉ. सविता ढांडा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान आज गिरावट का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ती चली गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.85 प्रतिशत और निफ्टी 0.76 प्रतिशत टूट कर कारोबार कर रहे थे।

आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, कोल इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 0.42 प्रतिशत से लेकर 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजी, एटरनल, इंफोसिस, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयर



3.91 प्रतिशत से लेकर 2.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,645 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 708 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,937 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 242.12 अंक की कमजोरी के साथ 83,052.54 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सेंसेक्स 82,481.53 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी करते रहे, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि इस सूचकांक की चाल पर कोई विशेष असर नहीं पड़ा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 711.95 अंक फिसल कर 82,582.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 71.20 अंक टूट कर 25,641.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से निफ्टी लुढ़क कर 25,482.85 अंक के स्तर तक गिर गया। इस बीच खरीदार लिवाली का जोर बनाने की भी कोशिश करते रहे, लेकिन इस सूचकांक की चाल पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 194.45 अंक की कमजोरी के साथ 25,518.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,294.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,713 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

# जर्मनी में यूपी की दमदार दस्तक

**रक्षा, सेमीकंडक्टर और एआई निवेश को मिला वैश्विक समर्थन**

**उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं आईटी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने वैश्विक रक्षा कंपनियों से किया रणनीतिक संवाद**

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को रक्षा एवं उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जर्मनी के न्यूरेम्बर्ग में आयोजित क्ख्द्धधन्दद्द ड्डथद 2026 में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री एवं आईटी मंत्री ने कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश रक्षा कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति, डेटा सेंटर नीति एवं राज्य की निवेश-अनुकूल औद्योगिक व्यवस्था की विशेषताओं को प्रस्तुत किया। राज्य में ड्रोन विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास (ट-क), कौशल विकास तथा तकनीकी हस्तांतरण के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि जर्मनी प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने फ्रैंकफर्ट एवं हेसेन क्षेत्र में निवेश संवर्धन हेतु कई महत्वपूर्ण बैठकों का सफल आयोजन किया।

# उप्र में होली पर 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही, उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। मंगलवार को प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि दिल्ली एवं गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से यात्रा का दबाव अधिक रहता है। इसलिए इन क्षेत्रों में बसों और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या पहले से सुनिश्चित की जाएगी। यदि प्रारंभिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत निगम बसों को ऑनरोड रखा जाए और अनुबंधित बसों के कर्मियों को पर्व अवधि में अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी समय से मरम्मत कार्य पूर्ण कर बसें संचालन के लिए उपलब्ध कराएं। मंत्री दयाशंकर ने कहा कि योगी सरकार यात्रा के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। जाम या दुर्घटना की स्थिति को काबू कर संचालन सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवर्तन दल लगातार ड्यूटी पर रहेंगे तथा चालकों और परिचालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा। बसों की तकनीकी स्थिति दुरुस्त रहे, सीटें ठीक हों, खिड़कियों के शीशे सही हों और फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बस स्टेशनों और बसों में स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पर्व अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चालक-परिचालकों (संविदा एवं आउटसोर्सिंग सहित) को विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रतिदिन औसतन 300 किमी संचालन करने पर 360 रुपये प्रतिदिन की दर से 3600 रुपये मिलेंगे। 10 दिन की पूर्ण ड्यूटी और निर्धारित मानक पूरा करने पर 450 रुपये प्रतिदिन की दर से 4500 रुपये और निर्धारित मानक से अधिक किलोमीटर पर प्रति किमी 55 पैसे अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा। डिपो एवं क्षेत्रीय कार्यशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी 10 दिन लगातार ड्यूटी पर 2100 रुपये तथा नौ दिन की ड्यूटी पर 1800 रुपये एकमुश्त दिए जाएंगे।

## सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिले मुख्यमंत्री योगी औद्योगिक निवेश पर हुई चर्चा

सिंगापुर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सिंगापुर के दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री गान किम योंग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री के. शनमुगम से मुलाकात की। इस दौरान उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य के लक्ष्य पर चर्चा हुई। सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के 'प्रो-बिजनेस' वातावरण पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के विशाल लैंड बैंक और शीघ्र ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर से मिलने वाली कनेक्टिविटी को रेखांकित किया।

# लोहिया अस्पताल परिसर में 24.86 करोड़ की लागत से बनेगा रैन बसेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया भूमि पूजन, डायग्नोस्टिक सेवाओं का भी उद्घाटन**

**510 बेड क्षमता होगी रैन बसेरे में, मरीजों-तीमारदारों को मिलेगी बड़ी राहत, स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार हो रहा सुधार**

लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में रोगियों व उनके परिजनों को ठहरने के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। रोगियों और परिजनों के लिए परिसर में रैन बसेरा भवन बनेगा। मंगलवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रैन बसेरा का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। साथ ही डायग्नोस्टिक सेवाओं का भी उदघाटन हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही हैं। रोगियों को उनके घर के निकट इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नए अस्पताल व मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में रोगियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में रोगियों को उच्च कोटि का इलाज मिल सके, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक रेफरल चिकित्सालय के रोगियों को सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक जांचों के लिए अन्य परिसर अथवा दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता था। जिससे इलाज में विलम्ब होता था। डायग्नोस्टिक सुविधाओं को मातृ शिशु चिकित्सालय में बढ़ाया जाएगा ताकि एक ही स्थान पर रोगियों को इलाज के साथ जांच की सुविधा भी मिल सके।

# शहरी विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : ए. के. शर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की**

**पीएम आवास योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता, समयबद्धता और पारदर्शिता के स्पष्ट निर्देश**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मंगलवार को संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता, पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि शहरी विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न होने पाए। बैठक के दौरान मंत्री ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लंबित आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा जिन लाभार्थियों की किस्तें लंबित हैं, उनका भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाकर वास्तविक पात्रों को जोड़ने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा नियमित भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पीएम आवास योजना गरीबों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में सत्यापन की कार्यवाही लंबित है वहां जिलाधिकारियों से वार्ता कर उनमें तेजी लाई जाए।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने आकांक्षी नगर योजना, सीएम ग्रिड योजना, कान्हा गौशाला योजना एवं सीएम वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की जानकारी ली और शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत चयनित नगरों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, सीएम ग्रिड योजना के तहत शहरी अधोसंरचना को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए, कान्हा गौशाला योजना में गौवंश संरक्षण एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा सीएम वैश्विक नगरोदय योजना के माध्यम से शहरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। मंत्री श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, जिला एवं नगर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और गति—इन तीनों का समन्वय ही प्रदेश के शहरी क्षेत्रों को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद, सचिव अनुज झा, रविंद्र कुमार प्रथम, विशेष सचिव प्रवीण लक्ष्यकार, सत्य प्रकाश पटेल, महेंद्र कुमार सिंह, निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सीमाओं में रहकर भूमिका का निर्वहन करना चाहिए : सतीश महाना

जागरण मोर्चा कार्यालय




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी सीमाओं में रहकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष महाना ने सत्र की उपलब्धियों और सदन के बदलते स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक समय था जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में शंका और निराशा का भाव था, किंतु आज वही सदन गंभीर, सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का केंद्र बन चुका है।

सतीश महाना ने कहा कि 18वीं विधानसभा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सहेजते हुए नवाचार, पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक को अपनाकर कार्यसंस्कृति में व्यापक सुधार किया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अब केवल एक ऐतिहासिक भवन नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, अनुशासन और जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन चुकी है। इन सुधारात्मक प्रयासों के कारण प्रदेश की विधानसभा को देश की अग्रणी विधानसभाओं में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि बजट सत्र अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण, विचारोत्तेजक और परिणामोन्मुखी रहा। वित्तीय वर्ष के बजट पर विस्तृत, गंभीर और सारगर्भित चर्चा की गई। विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर क्रमबद्ध विचार-विमर्श हुआ तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन की स्वीकृति प्राप्त हुई। प्रश्नकाल के माध्यम से शासन-प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की गई, जबकि शून्यकाल में जनसरोकार के विविध विषय प्रभावी ढंग से उठाए गए। इससे स्पष्ट है कि सदन जनता की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है।

विधान सभा अध्यक्ष ने संतोष व्यक्त किया कि पूरे सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ने संसदीय मर्यादाओं का सम्मान किया। मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक अंग हैं, किंतु संवाद, संयम और शालीनता उसकी मूल आत्मा हैं। इस सत्र में स्वस्थ बहस, तार्किक प्रतिपादन और सकारात्मक सहभागिता देखने को मिली, जो प्रदेश की संसदीय परंपराओं के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। विभिन्न दलों के सदस्यों द्वारा विधानसभा के बदलते स्वरूप की सराहना भी की गई। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए अध्यक्ष ने मीडिया प्रतिनिधियों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की सकारात्मक छवि को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अंत में उन्होंने सभी सदस्यों, संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष तथा विभिन्न दलों के नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सदन की गरिमा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सर्वोपरि रखते हुए भविष्य में भी स्वस्थ और सार्थक संवाद की परंपरा को और सुदृढ़ किया जाएगा।

# पढ़ाई के लिए दवाब बनाने पर की थी पिता की हत्या, शव नीले ड्रम में छिपाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना इलाके में पैथालॉजी संचालक मानवेंद्र की हत्या उसके ही बेटे अक्षत ने गोली मारकर की थी। बहन को जब इसकी जानकारी हुई तो आरोपित उसे धमकाते हुए एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद आरी से पिता के शव को काटकर टुकड़ों को एक नीले ड्रम में भर दिया। पुलिस की जांच वारदात की वजह यह निकलकर सामने आई कि पिता हमेशा उस पर पढ़ाई के दबाव बनाया करते थे। इस वजह से उसने इस घटना अंजाम दिया है। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की। डीसीपी मध्य विक्रांत वीर ने मंगलवार को बताया कि मूलरूप से जालौन जिले के रहने वाले मानवेंद्र सिंह कई साल पहले आशियाना के सेक्टर एल-91 में मकान बनवाकर रह रहे थे। नौ साल पहले पत्नी के निधन के बाद से ही मानवेंद्र बेटी कृति और बेटे अक्षत की खुद देखभाल कर रहे हैं। अक्षत बीकॉम की पढ़ाई कर रहा है और बेटी कृति 11वीं की छात्रा है। मानवेंद्र का छोटा भाई एसएस रजावत पुलिस विभाग में है और इस समय उनकी तैनाती लखनऊ स्थित सचिवालय में है। तीन मंजिला मकान में पूरा सयुंक्त परिवार रहता है। उन्होंने बताया कि आरोपित भतीजे अक्षत ने 20 फरवरी की सुबह चार बजे लाइसेंसी रिवाल्वर से मेरे भाई और अपने पिता मानवेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बहन कृति ने गोली की आवाज सुन कमरे में पहुंची तो नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। उसने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपित भाई अक्षत ने बहन को धमकाते हुए एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसने योजना के तहत बाजार से आरी खरीदकर लाया और शव के कई टुकड़ किए। कुछ टुकड़े पॉलीथीन में भरकर नीले ड्रम में भर दिया। सिर और कुछ टुकड़े सदरौना में फेंक दिया। पड़ोसियों और चाचा को शक न तो आरोपित अक्षत ने पुलिस को गुमशुदगी दर्ज करायी कि 20 फरवरी को पिता मानवेंद्र दिल्ली जाने के लिए निकले थे। 21 तक वापस आने के लिए कहा, लेकिन अभी तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद जब पुलिस ने जांच की तो घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में मानवेंद्र के घर से निकलने के फुटेज नहीं प्राप्त हुए। पुलिस का शक गहराया और अक्षत को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ शुरू कर दी। उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया और बताया कि पिता पढ़ाई का दबाब बनाते थे। घटना वाले दिन भी दोनों में झगड़ा हुआ था। इस पर पिता ने अपनी लाइसेंसी राइफल मेरे ऊपर तान दी। छीनाझपटी में गोली पिता को लग गई। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर उसकी बहन कृति को भी कमरे से बाहर निकाला, लेकिन वह भाई की करतूत को देखकर अभी भी दहशत में हैं।

# छात्रवृत्ति व्यवस्था में बदलाव, अब कोई पात्र छात्र नहीं रहेगा वंचित : नरेंद्र कश्यप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**18 मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सेवाएं होंगी सुलभ**

**दिव्यांग छात्राओं के लिए ई-ट्राईसाइकिल योजना से बढ़ेगी सुगमता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को अपने मंत्री आवास, 11 एनडीएमआर विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ में विभागीय उपलब्धियों एवं वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट के संबंध में विस्तृत प्रेस वार्ता की।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को ऐतिहासिक बढ़ोतरी दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट इस वर्ष 3402 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है, जबकि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 2140 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से प्रदेश में एक भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहा है। यह प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले छात्रवृत्ति वितरण 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होता था, लेकिन योगी सरकार ने व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए वर्ष 2025 में 25 सितंबर से ही छात्रवृत्ति वितरण प्रारंभ कर दिया। अब तक लगभग 20 लाख छात्र-छात्राओं को समयपूर्व छात्रवृत्ति वितरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री के निर्णय से छात्रवृत्ति के लिए अभिभावकों की आय सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। पूर्वदशम छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि 2250 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये किए जाने की भी घोषणा की गई है। वर्ष 2026-27 में लगभग 38 लाख विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने की संभावना है। मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़े वर्ग की गरीब बेटियों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना के तहत वर्ष 2026-27 में 210 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पूर्व में यह योजना केवल बीपीएल आय सीमा (ग्रामीण 46 हजार और शहरी 56 हजार रुपये) तक सीमित थी, जिसे बढ़ाकर अब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक लाख रुपये वार्षिक आय तक कर दिया गया है। इससे अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सकेगा। प्रदेश में संचालित 102 पिछड़ा वर्ग छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार 5 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, ताकि छात्रावासों में आधारभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त ट्रिपल सी एवं 'ओ' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है, जिससे ओबीसी वर्ग के युवा सरकारी नौकरियों के लिए सक्षम बन सकें। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री कश्यप ने बताया कि दिव्यांगजन पेंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15 सौ रुपये प्रतिमाह होने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व यह राशि मात्र तीन सौ रुपये थी, जिसे योगी सरकार ने चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर अब पांच गुना तक पहुंचा दिया है। पेंशन मद में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र (डीआरसी) स्थापित करने का निर्णय भी कैबिनेट द्वारा लिया गया है, जिसके लिए 7 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

# संवाद सेतु' 25 फरवरी से गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जिलों से शुरू होगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में 25 फरवरी (बुधवार) से 'संवाद सेतु' (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू की जाएगी। यह व्यवस्था पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जनपदों में शुरू होगी। इस संबंध में समयबद्ध तैयारियों को लेकर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मंगलवार को बताया कि तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं, जिससे योजना सुचारु रूप से लागू हो सके। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के अंतर्गत हर जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा। अगर किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे।

जागरण मोर्चा
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित ।
सम्पादक
योगेश कुमार वर्मा
मो0- 7579849555,9627739857
E-mail:
www.jagranmorchadaily@gmail.com
RNI.No.-UPHIN/2022/82743
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

# अमेरिका में बर्फीला तूफान, न्यूयॉर्क में 50 सेमी. बर्फबारी, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय बंद

## अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर और देश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में सड़कें, स्कूल बंद, बिजली गुल

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर और देश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में सोमवार को बर्फीले तूफान से कहर बरपा है। न्यूयॉर्क 50 सेंटीमीटर बर्फ गिरी है। इससे लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। स्कूलों को बंद कर दिया गया। बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। सड़क परिवहन बंद है। आज लगभग 5,000 उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। शनिवार से मंगलवार तक 10 हजार से ज्यादा उड़ानों को रद्द किया जा चुका है।

सीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को उत्तर पूर्वी अमेरिका में जबरदस्त बर्फबारी हुई। इससे लाखों लोग फंस गए। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द की जा चुकी हैं। इससे हजारों यात्री फंस गए हैं। बर्फबारी से न्यूयॉर्क के जेएफके, लागुआर्डिया और बोस्टन के लोगान हवाई अड्डा सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने डेलावेयर से मैसाचुसेट्स तक आपात स्थिति घोषित की है। लाखों लोग बिन बिजली के रहने को मजबूर हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोमवार को चेतावनी दी कि खतरनाक हालात बने रह सकते हैं। विभाग ने कहा, ''भारी बर्फबारी और तेज हवाओं के कारण उत्तर-पूर्वी समुद्र तट पर बर्फीले तूफान की स्थिति बनी रहेगी। दृश्यता बहुत कम होने से इन इलाकों में सफर करना बहुत खतरनाक होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने इसे एक दशक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया है। वैज्ञानिकों ने इसे 'बम चक्रवात' नाम दिया है। 'बम चक्रवात तब होता है जब 24 घंटे की अवधि में तूफान का दबाव एक निश्चित मात्रा में गिर जाता है। यह मुख्य रूप से शरद ऋतु और सर्दियों में तब होता है जब आर्कटिक की बर्फीली हवा दक्षिण तक पहुंचकर गर्म तापमान से टकराती है। उधर, कई इलाकों में दो फीट (60 सेंटीमीटर) से ज्यादा बर्फबारी हुई है। रोड आइलैंड के वारविक में तो तीन फीट से ज्यादा बर्फ गिरी है। तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और मैसाचुसेट्स समेत कई राज्यों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। न्यूयॉर्क सिटी और बोस्टन ने सोमवार के लिए पब्लिक स्कूल की कक्षा रद्द कर दीं।फिलाडेल्फिया ने ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प चुना है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने इसे ''2019 के बाद के पुराने जमाने का स्नो डे'' कहा है। उन्होंने कहा, '' पूरे न्यूयॉर्क सिटी के बच्चे और लोग आराम से घर पर रहें।'' फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, सोमवार को अमेरिका आने-जाने वाली 5,000 से अधिक फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। रोड आइलैंड के टीएफ. ग्रीन इंटरनेशनल हवाई अड्डा ने सोमवार को घोषणा की कि वह कुछ समय के लिए हवाई अड्डा के सभी ऑपरेशन बंद कर रहा है। कनाडा के हवाई अड्डा के अधिकारियों ने यात्रियों से कहा कि वह अपनी फ्लाइट्स का स्टेटस जानकर ही अगली योजना बनाएं। हैं।

### इमरान खान को आंखों के इलाज के लिए अदियाला जेल से इस्लामाबाद के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लाया गया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को आंखों के इलाज के लिए मंगलवार को सुबह होने से पहले राजधानी के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) लाया गया। पिम्स अस्पताल में उनकी प्रभावित आंख की नजर वापस लाने में मदद के लिए दूसरा इंजेक्शन दिया गया। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान को इससे पहले 24 और 25 जनवरी को भी यहां लाया गया था। उन्हें एक बार फिर खराब आंख के इलाज के लिए अदियाला जेल से दूसरी बार कड़ी सुरक्षा के बीच पिम्स अस्पताल में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों ने उनकी आंखों की देखभाल के लिए तीन इंजेक्शन लिखे थे। इसमें से दूसरा इंजेक्शन लगवाने के लिए उन्हें पिम्स लाया गया। करीब एक घंटे अस्पताल में रहने के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया। पिम्स में उनके दिल की स्थिति भी चेक की गई। उन्हें तीसरा इंजेक्शन 23 मार्च को लगेगा। पिम्स ने बयान में कहा कि खान के दो टेस्ट किए गए। दोनों टेस्ट में कार्डियक फंक्शन नॉर्मल दिखा।


## संसदीय चुनाव के लिए चीन से 40 लाख यूएस डॉलर का सहयोग स्वीकार करेगा नेपाल



काठमांडू। नेपाल सरकार ने आसन्न संसदीय चुनाव में सहयोग के लिए चीन की ओर से दी जाने वाली 40 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 58 करोड़ नेपाली रुपये) की आर्थिक सहायता स्वीकार करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में अनुमोदन के बाद संबंधित प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।सरकार के प्रवक्ता तथा गृहमंत्री ओमप्रकाश अर्याल ने मंत्रिपरिषद के फैसले के बारे में बताया कि यह सहायता द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रमों के अंतर्गत अनुदान के रूप में दी जा रही है, अर्थात इसे ऋण की तरह वापस नहीं करना होगा। गृहमंत्री अर्याल ने कहा कि 5 मार्च को होने वाले चुनाव में नेपाल सरकार ने अपने दोनों पड़ोसी देशों की सहायता लेने की नीति अपनाई है। भारत सरकार की तरफ से इस चुनाव के लिए करीब 100 करोड़ रुपये का सहयोग किया गया है, जिसमें 600 के करीब गाड़ियां एवं अन्य सामग्री शामिल है।

## अमेरिका में पत्नी और बेटी की हत्या करने वाला नेपाली नागरिक एनकाउंटर में ढेर

एजेंसी



काठमांडू। अमेरिका के फ़ेयरफैक्स काउंटी में अपनी पत्नी, बेटी और दामाद की हत्या करने के बाद एक नेपाली नागरिक को अमेरिकी पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। मैन्टुआ के पास स्थित एक अपार्टमेंट में नेपाली नागरिक छत्रबहादुर थापा अपने दामाद 35 वर्षीय संतोष कुमार थापा, 51 वर्षीय पत्नी बिंदा थापा और 31 वर्षीय पुत्री ममता थापा के साथ रहता था। उस पर आरोप है कि उसने सोमवार सुबह लगभग 5 बजे पत्नी, बेटी और दामाद पर चाकू से हमला कर दिया। बाद में अस्पताल ले जाते समय इनकी मौत हो गई। फ़ेयरफैक्स काउंटी के पुलिस प्रमुख केविन डेविस के अनुसार जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तो थापा अपने ससुर पर धारदार हथियार से हमला कर रहा था। उससे पुलिस ने कई बार हथियार जमीन पर फेंकने के लिए कहा, लेकिन उसने निर्देशों का पालन नहीं किया, जिसके बाद एक पुलिस अधिकारी ने गोली चला दी। पुलिस की गोली लगने के बाद वह घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक घर के भीतर मौजूद एक एक वर्ष का बच्चा सुरक्षित पाया गया, जिसे बाल संरक्षण सेवाओं को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कहा है कि प्रारंभिक जांच में परिवार के खिलाफ पहले से कोई पुलिस शिकायत या अपराध रिकॉर्ड नहीं मिला है और घटना के पीछे के कारण की प्राथमिकी जांच जारी है।

## नेपाल में चुनाव के मद्देनजर हुई उच्च स्तरीय बैठक निर्वाचन आयोग ने कहा- सुरक्षा खतरा नहीं

एजेंसी

काठमांडू । नेपाल में 5 मार्च को होने वाले संसदीय चुनावों के मद्देनजर मंगलवार को निर्वाचन आयोग ने उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों ने देशभर की समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी दी। इसके बाद निष्कर्ष निकाला गया कि आगामी चुनावों के लिए अब तक किसी प्रकार के सुरक्षा खतरे का संकेत नहीं मिला है। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई के अनुसार बैठक में चुनाव के दौरान उत्पन्न हो सकने वाली संभावित सुरक्षा चुनौतियों और उनसे निपटने के उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ है और अब तक कोई गंभीर चुनौती सामने नहीं आई है। सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों ने समिति को अवगत कराया कि वर्तमान सुरक्षा स्थिति मजबूत है तथा राजनीतिक दलों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी गतिविधियाँ संचालित करने और मतदाताओं को बिना किसी भय के मतदान करने के लिए अनुकूल वातावरण बनाया गया है। भट्टराई ने बताया कि कुछ स्थानों पर मामूली घटनाएं हुई थीं, लेकिन स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भूमिका से किसी भी अप्रिय स्थिति को टाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में माहौल धीरे-धीरे चुनावमय होता जा रहा है। प्रवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए सरकार से तीन दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की सिफारिश की है, ताकि वे अपने घर आ-जा कर मतदान कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे चुनाव में सक्रिय सहभागिता बढ़ेगी।




## ईरान और ओमान ने अमेरिका से परमाणु वार्ता के अगले दौर की तैयारियों पर चर्चा की

एजेंसी



तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और ओमान के विदेशमंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता के अगले दौर की तैयारियों पर चर्चा की। रविवार देररात फोन पर हुई बातचीत में दोनों पक्षों ने गुरुवार को होने वाली वार्ता के कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले अराघची ने कहा कि वह परमाणु बातचीत के नए दौर के लिए गुरुवार को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान अभी अमेरिकी पक्ष को पेश किए जाने वाले एक मसौदा प्रस्ताव पर काम कर रहा है। तेहरान और वाशिंगटन के बीच जल्द ही एक समझौता हो सकता है।

इस बीच अल बुसैदी ने पुष्टि की कि ईरान और अमेरिका के बीच गुरुवार को जिनेवा में बातचीत का एक नया दौर होगा। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने रविवार को एक्स पर कहा, ''ईरान इस इलाके में शांति और स्थिरता के लिए वचनबद्ध है। हाल की बातचीत में व्यवाहिक प्रस्ताव का आदान-प्रदान हुआ। इससे अच्छे संकेति मिले। हम अमेरिका के कदमों पर करीब से नजर रख रहे हैं और किसी भी संभावित कदम का जवाब देने के लिए सभी जरूरी तैयारी कर ली है।''

ईरान और अमेरिका ने इस महीने ईरानी परमाणु कार्यक्रम और इस्लामिक रिपब्लिक पर लगे प्रतिबंध हटाने पर दो दौर की बातचीत की है। यह वार्ता 06 फरवरी को ओमान और 17 फरवरी को स्विट्जरलैंड में हुई। यह पिछले साल जून में इजराइल के शुरू किए गए 12 दिन के युद्ध के बाद पहली ऐसी बातचीत है, जिसमें अमेरिका बाद में शामिल हुआ। बातचीत के बीच अमेरिका ने इस इलाके में एयरक्राफ्ट कैरियर और दूसरे सैन्य साजो सामान भी तैनात किए हैं। ईरान ने इसे सैन्य कार्रवाई की धमकी के रूप में लिया है।

### बांग्लादेश के चटगांव में रसोई गैस सिलेंडर विस्फोट, मां-बेटे की मौत

ढाका। बांग्लादेश के चटगांव के हालिशहर में एक घर में रसोई गैस सिलेंडर में हुए विस्फोट में झुलसे 16 वर्षीय शॉन की मौत हो गई। एक दिन पहले हुई इसी घटना में उसकी मां की भी मौत हो गई थी।

शॉन की मंगलवार सुबह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मां नूरजहां अख्तर रानी की एक दिन पहले धमाके में मौत हो गई थी।

इंस्टीट्यूट के रेजिडेंट सर्जन शॉन बिन रहमान ने कहा कि शॉन के शरीर का 50 फीसद से ज्यादा हिस्सा झुलस गया था। डॉक्टरों ने बताया कि परिवार के सात अन्य सदस्य अभी अस्पताल में भर्ती हैं। सभी की हालत गंभीर है। शॉन कोमिला के बरुरा उपजिला के बाघमारा गांव के मोटर पार्ट्स व्यापारी शखावत हुसैन का बेटा था।







